# किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में पुरुषों ने बाजी मारी, 59.10% वोट डाले

## लोकसभा क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले 90,532 महिलाओं ने कम किया मतदान

**विश्लेषण**

संवाददाता, कानपुर

**53.05%** कानपुर लोकसभा सीट पर मतदान

**54.90%** कुल पुरुषों ने किया मतदान

**55.50%** महिलाओं ने किदवईनगर में डाले वोट

**90,532** पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के वोट कम

| विधानसभा क्षेत्र | कुल पुरुष मतदाता | मतदान किया |
|---|---|---|
| गोविंद नगर | 1,92,230 | 1,04 .669 |
| सीसामऊ | 1,44,214 | 83,824 |
| आर्य नगर | 1,64,265 | 84,352 |
| किदवई नगर | 1,84,660 | 1,08,790 |
| कानपुर कैंट | 2,00,704 | 1,04,661 |

| विधानसभा क्षेत्र | कुल महिला मतदाता | मतदान किया |
|---|---|---|
| गोविंद नगर | 1,69,333 | 86,443 |
| सीसामऊ | 1,27,195 | 67,353 |
| आर्य नगर | 1,41,051 | 64,339 |
| किदवई नगर | 1,66,084 | 92,027 |
| कानपुर कैंट | 1,73,001 | 85,602 |

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट पर 16,62,859 मतदाताओं में से इस बार 53.05 फीसदी यानी 8,82,074 लोगों ने ईवीएम का बटन दबाया। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 4,86,296 और महिला मतदाता 3,95,764 के अलावा 14 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस आंकड़े से साफ है कि पुरुषों के मुकाबले 90,532 महिलाओं ने कम मतदान किया। महिलाओं ने सबसे ज्यादा मतदान किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र में किया । यहां उनका मतदान प्रतिशत करीब 55.50 प्रतिशत दर्ज किया गया है। पुरुषों के विधानसभा वार मतदान की बात करें, तो किदवई नगर में पुरुषों ने बाजी मारी। किदवई नगर में पुरुषों का मतदान प्रतिशत लगभग 59.10 प्रतिशत रहा, यानी लोकसभा क्षेत्र के औसत मतदान से छह फीसदी ज्यादा। यह आंकड़ा परिणाम को प्रभावित करने में फैक्टर बन सकता है।

पूरे लोकसभा क्षेत्र की बात करें तो पुरुषों का मतदान प्रतिशत जहां औसत मतदान से लगभग 1.09 प्रतिशत ज्यादा यानी 54.9 प्रतिशत रहा, वहीं महिलाओं का मतदान प्रतिशत औसत मतदान से 2.1 प्रतिशत कम रहा।

लोकसभा सीट पर कुल पुरुष मतदाता 8,86,073 दर्ज थे। इनमें से 4,86,296 ने मतदान किया है। इसी तरह कुल महिला मतदाताओं की संख्या 7,76,664 थी, जिनमें 3,95,764 ने अपने मताधिकार प्रयोग किया।

### राजनीतिक दलों ने शुरू की निगरानी

- स्ट्रांग रूम के बाहर राजनीतिक दलों के कैंप लगाए गए हैं। कानपुर से सपा-कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा, अकबरपुर से सपा उम्मीदवार राजाराम पाल और बसपा उम्मीदवारों ने ईवीएम की निगरानी के लिए कैंप लगाए हैं। इसके साथ ही वे कंट्रोल रूम में भी जाकर निगारानी कर सकते हैं इसका भी उन्हें अधिकार दिया गया है। पार्टियों ने कार्यकर्ताओं की ड्यूटी शिफ्टवार लगाई है। मिश्रिख लोकसभा की बिल्हौर विधानसभा सीट के बूथों के मत भी यहीं गिने जाएंगे।



मतदान के लिए महिला वोटरों की भीड़ ।(फाइल फोटो) अमृत विचार

# कानपुर लोकसभा सीट का परिणाम पहले आ जाएगा



जांच करते जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह। अमृत विचार




स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

- 14 टेबल प्रत्येक विधानसभा में मतगणना के लिए लगाई जाएंगी
- हर टेबल पर एक-एक बूथ 14 बूथों की गिनती एक बार में होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मतदान के बाद मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बूथों के हिसाब से कानपुर सीट का परिणाम सबसे पहले आएगा। प्रत्येक विधानसभा में मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई जाएंगी। हर टेबल पर एक-एक बूथ की गिनती होगी, जबकि एक बार में 14 बूथों की मतगणना की जाएगी।

संसदीय क्षेत्र कानपुर और अकबरपुर सीट पर 13 मई को मतदान के बाद मतगणना चार जून होगी। नवीन गल्लामंडी नौबस्ता में प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर की मौजूदगी में मतगणना होगी।

प्रत्येक विधानसभावार 14-14 टेबलें मतगणना के लिए लगेंगी, कुल 140 टेबलें लगाई जाएगी। इस हिसाब से एक विधानसभा के 14 बूथ की गिनती एक साथ होगी। सभी विधानसभावार गिनती की गणना करें तो 140 बूथों की गिनती एक राउंड में होगी। कानपुर और अकबरपुर सीट की तुलना में सबसे ज्यादा बूथ अकबरपुर संसदीय क्षेत्र में हैं। इस तरह कानपुर संसदीय क्षेत्र के मतों की गिनती पहले खत्म होगी और परिणाम पहले आएगा।

### डाक मतपत्रों, पोस्टल बैलेट की गिनती होगी पहले

- जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्मिकों के डाक मतपत्र और 85 प्लस व विकलांग मतदाताओं के पोस्टल बैलेट की गिनती पहले होगी। इन मतों की सूची तैयार करने के बाद 13 मई को ईवीएम से हुए मतदान की गिनती शुरू कराई जाएगी।

### सबसे पहले आएगा सीसामऊ विधानसभा का नतीजा

- संसदीय क्षेत्र कानपुर व अकबरपुर के विधानसभावार नतीजों की बात करें तो सबसे पहले सीसामऊ विधानसभा का नतीजा आएगा। क्योंकि सीसामऊ में सिर्फ 39 राउंड ही गणना होगी। इसके बाद कल्याणपुर का नतीजा आएगा। यहां 48 राउंड की गणना है। अंतिम चरण में बिठूर और महाराजपुर होंगे। बिठूर में 59 और महाराजपुर में 64 राउंड की गणना होनी है।

### 140 माइक्रो आब्जर्वर रहेंगे तैनात

- सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि मतगणना में प्रत्येक टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगेगी। कुल मिलाकर 14 टेबल पर 140 माइक्रो आब्जर्वरों की तैनाती होगी। जिनकी देखरेख में मतगणना की पूरी गतिविधि संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया जल्द माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित की जाएगी।

### प्रत्येक विधानसभा में एक आरओ होंगे

- मतगणना के दौरान प्रत्येक विधानसभा में एक आरओ की तैनाती होगी। हालांकि प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी आदि आधिकारियों की भी मौजूदगी होगी। जिन्हें समय-समय पर आरओ रिपोर्ट करेंगे। सभी आरओ को प्रशिक्षण और ड्यूटी की जानकारी दी जा चुकी है।

**कानपुर सीट पर कितने राउंड मतगणना**

| मतदेय स्थल | गणना | राउंड |
|---|---|---|
| गोविंदनगर | 350 | 49 |
| सीसामऊ | 275 | 39 |
| आर्यनगर | 293 | 41 |
| किदवईनगर | 350 | 49 |
| कैंट | 339 | 48 |

**अकबरपुर सीट पर कितने राउंड मतगणना**

| मतदेय स्थल | गणना | राउंड |
|---|---|---|
| कल्याणपुर | 340 | 48 |
| बिठूर | 416 | 59 |
| महाराजपुर | 452 | 64 |
| घाटमपुर | 366 | 52 |
| रनिया | 384 | 54 |

## मारपीट में गठबंधन के तीन कार्यकर्ताओं को जेल भेजा

**कानपुर।** सोमवार को लोकसभा चुनाव के दिन भाजपा नेता से मारपीट करने वाले इंडिया गठबंधन के तीन कार्यकर्ताओं को बर्रा पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या के प्रयास और एससीएसटी एक्ट की धारा में एफआईआर दर्ज की थी।

बर्रा के आरएस एजुकेशन सेंटर के पास मतदान समाप्त होने के बाद इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं गुड्डू यादव ने अपने साथियों संजीव मिश्रा, विनोद यादव, सुशील यादव, बबलू यादव, अमन यादव और अमित यादव के साथ मिलकर भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय पासवान की पिटाई कर दी थी। पथराव में मंडल अध्यक्ष के बेटे मयंक, कार्यकर्ता संजय सिंह, सुधीर यादव समेत आधा दर्जन लोगों को चोटें आई थीं। आरोप था कि हमलावर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का नाम लेकर गाली गलौज कर रहे थे। विरोध पर उन्होंने उन पर जानलेवा हमला करते हुए जातिसूचक गाली गलौज की थी। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर देर रात गुड्डू यादव व उसके दो साथियों अमन और अमित यादव को गिरफ्तार कर मंगलवार सुबह जेल भेज दिया।

# पांचवें चरण में पांच सीटों पर होगा रण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- पीएम-सीएम की जनसभा के लिए तैयारियां शुरू
- कानपुर में बड़े नेताओं का ठहराव, पदाधिकारी डटे



**अमृत विचार।** चौथे चरण के मतदान खत्म होते ही पांचवें चरण की पांच संसदीय सीटों पर रण शुरू हो गया है। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के पदाधिकारियों ने मंगलवार से सीटों पर कूच शुरू कर दिया है। बुंदेलखंड के चुनाव में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी धार देंगे। भाजपा के बड़े नेताओं की जनसभा ओर पीएम के रोड शो के लिये तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा पदाधिकारियों के अनुसार कानपुर बड़े नेताओं का ठहराव बन सकता है।

पांचवें चरण में लिये पांच संसदीय सीटों झांसी, जालौन, हमीरपुर, बांदा और फतेहपुर में 20 मई को मतदान है। बुधवार को जालौन के उरई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा करने जा रहे हैं। वह झांसी में रोड शो और महोबा में जनसभा कर भी भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएंगे। इसको लेकर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद गुरुवार को फतेहपुर के बिंदकी में सीएम योगी जनसभा करेंगे। इसके बाद 17 मई को पीएम हमीरपुर और फतेहपुर में जनसभा करेंगे। प्रकाश पाल ने बताया की पीएम और सीएम के कार्यक्रमों के लिये कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पांच पदाधिकारियों को लगाया गया है। इसमें क्षेत्रीय मंत्री संत विलास शिवहरे, क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू, क्षे. उपाध्यक्ष अनिल यादव, सभा प्रमुख आनंद राजपाल और क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी को जिम्मेदारी दी गई है। हर संसदीय सीट पर पदाधिकारियों ने दौरा शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि 18 मई को ललितपुर और बांदा में अमित शाह जनसभा कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने आएंगे। इस दौरान कई बड़े नेता कानपुर में भी ठहराव कर सकते हैं।

# 65% से ज्यादा पुरुषों ने किया मतदान

**रनिया**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- अकबरपुर लोकसभा सीट पर कुल 10,79,978 वोटरों ने डाले वोट

**अमृत विचार।** संसदीय क्षेत्र अकबरपुर में कुल 18,69,167 मतदाताओं में 10,79,978 ने ही मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मतदाताओं में पुरुष 10,02,218 और महिला 8,66,870 व थर्ड जेंडर 79 हैं, जबकि 13 मई को 6,01,456 पुरुष, 4,78,502 महिला व 20 थर्ड जेंडरों ने ही वोट डाले। जिसका कुल मतदान प्रतिशत 57.78 रहा है। रनिया में 65 फीसदी से ज्यादा पुरुषों ने मतदान किया।

विधानसभावार देखें तो रनिया में पुरुष 177588, महिला 156057 और थर्ड जेंडर 11 सहित 333656 मतदाता हैं। उसमें 115819 पुरुष, 92883 महिला व 5 थर्ड जेंडर सहित कुल 208707 मतदाता वोट डालने बूथ तक पहुंचे। इसी तरह बिठूर विधानसभा में पुरुष 2,01,137, महिला 1,72,647 व थर्ड जेंडर 27 सहित 3,73,811 मतदाता हैं, जिसमें 134583 पुरुष, 104279 महिला व थर्ड जेंडर 6 को मिलाकर 238868 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं कल्याणपुर में 195368 पुरुष, 175790 महिला, थर्ड जेंडर मतदाता 11 सहित कुल 371169 मतदाता हैं। जिसमें 184356 मतदाताओं ने वोट डाले। इसमें 100581 पुरुषों, 83775 महिलाओं ने मताधिकार किया, जबकि कोई भी थर्ड जेंडर बूथ तक नहीं पहुंचा। महाराजपुर विधानसभा में कुल 460528 मतदाता हैं। जिसमें पुरुष 249378, महिला 211125 व थर्ड जेंडर 25 हैं। लेकिन 252703 मत ही पड़े। 142632 पुरुषों व 110062 महिला व 9 थर्ड जेंडर ने वोट डाले।

इसी प्रकार घाटमपुर विधानसभा में 178747 पुरुष, 151251 महिला व थर्ड जेंडर पांच समेत 330003 मतदाता हैं। जिसमें 107841 पुरुष, 87503 महिलाओं समेत 195344 मतदाताओं ने मताधिकार किया। थर्ड जेंडर बूथों पर वोट डालने ही नहीं पहुंचे। कुल मतदान प्रतिशत 57.78 में पुरुष 60.01, महिला 55.2 और थर्ड जेंडर 25.32 प्रतिशत रहे हैं।

# दोपहर तक पसरा रहा सन्नाटा शाम को फिर काम पर लौटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चुनाव के बाद भाजपा पदाधिकारियों ने मिटाई थकान
- देर शाम फिर से बैठकों का दौर हुआ शुरू

**अमृत विचार।** चुनाव खत्म होने के बाद मंगलवार को दूसरे दिन भाजपा के उत्तर, दक्षिण व क्षेत्रीय कार्यालय में दोपहर एक बजे तक सन्नाटा रहा। थकान मिटाने के बाद बैठकों का दौर शुरू हो गया। उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी की बैठक कर चुनावी आंकड़ों का मिलान किया। दक्षिण जिलाध्यक्ष ने शिवराम सिंह ने भी को प्रत्येक बूथ पर मिले वोटों की जानकारी ली।

दीपू पांडे ने नवीन नगर भाजपा कार्यायल में बैठक करते हुए कहा कि आप सभी के कार्यों से और प्रयास से इतनी गर्मी होने के बावजूद भी मतदान प्रतिशत बढ़ा है। बैठक में संतोष शुक्ला, अंकित बाजपेई, अनुराग शर्मा, आनंद मिश्रा, रोहित साहू, अभिनव दीक्षित, सतेंद्र नाथ पांडे, प्रमोद विश्वकर्मा, नवाब सिंह, दीपक चौहान, वात्सेय त्रिपाठी रहे। दूसरी ेर दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को प्रत्येक बूथ पर मिले वोटों की जानकारी ली। पार्टी पदाधिकारी प्रत्येक विधानसभा, मंडल, शक्ति केंद्र की समीक्षा कर बूथों पर भाजपा को मिले वोटों का गुणा गणित लगाते रहे। प्रमुखता से विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह,सुनील नारंग, मनीष त्रिपाठी, गणेश शुक्ला, अर्जुन बेरिया, पार्षद अभिनव शुक्ला, गौरव तिवारी, डॉ. तेज़बहादुर सिंह, अंकित शर्मा, अंकुर गुप्ता रहे।

### सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी

उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने मंगलवार शाम सोमवार को दिवंगत हुए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने भी सुशील मोदी के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने विद्यार्थी परिषद एवं पार्टी संगठन के लिए लंबे समय तक काम किया। उन्होंने एक प्रशासक के तौर पर भी काफी सराहनीय कार्य किए। विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, सुनील नारंग, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, अर्जुन बेरिया, पार्षद अभिनव शुक्ला, डॉ. तेजबहादुर रहे।

**लोकसभा चुनाव** सियासी समीकरणों के साथ जातिगत आधार पर गुणा-भाग तेज

# हार-जीत का आकलन करने में जुटे लोग

संवाददाता, कानपुर देहात/राजपुर



गांव में चौपाल लगाए बैठे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मतदान के बाद अब हार-जीत की गणित लगनी शुरू हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक प्रत्याशियों की हार-जीत का आंकड़ा बैठाने में जुट गए हैं। दलीय समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित मानकर अपने अलग ही आंकड़े गिना रहे हैं। चुनाव में एक-एक वोट के लिए भागमभाग करने वाले प्रत्याशियों के चेहरे की हवाइयां उड़ी हैं। उन्हें अब चार जून का इंतजार है।

सोमवार को अकबरपुर और इटावा लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न होने के बाद अब मतदाता भी प्रत्याशियों की हार-जीत की आंकड़ेबाजी में जुट गए हैं। दलीय प्रत्याशियों से जुड़े लोग पान की गुमटी और चाय की दुकानों पर अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के आंकड़े गिना रहे हैं। मतदाता खुशी में दावत की बात करते हैं तो प्रत्याशियों के समर्थक थोड़ा इंतजार करने को कहते हैं।

मंगलवार को राजपुर में समाजवादी पार्टी के समर्थक अपने मतदाताओं के साथ जीत-हार के आंकडे. लगाने में व्यस्त दिखाई दिए। क्षेत्र में कहां कितने वोट मिले? इसका आकलन किया जा रहा है। दूसरे प्रत्याशियों के खाते में कितने वोट गए? इसे लेकर भी गणित समझा रहे हैं। भाजपा कार्यालय में पार्टी प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थक अपने सहयोगियों के साथ चुनावी चर्चा में व्यस्त थे। किस बूथ पर कितने वोट मिले? बाकायदा इसका आकलन किया जा रहा था। अन्य प्रत्याशियों के प्रदर्शन पर नजरें रहीं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **विनोद कुमार पाण्डेय पुत्र राम शंकर पाण्डेय निवासी ग्राम पो ककवन कानपुर** है । लेकिन बैंक खाते विनोद कुमार पुत्र राम शंकर दर्ज है। लेकिन मेरा सही नाम विनोद कुमार पाण्डेय ही है। अत: इसी नाम से मुझे जाना जाय ।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरी पालिसी संख्या 214727295 में मेरा नाम चंद्र शेखर सिंह दर्ज है, जबकि बैंक पासबुक, आधारकार्ड में मेरा नाम शेखर सिंह है। अत: चंद्र शेखर सिंह व शेखर सिंह दोनों नाम मेरे हैं और अब से मुझे **शेखर सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह, निवासी-पश्चिम पुरवा मुजेड़ बेलसर, तहसील- तरबगंज जिला गोंडा** के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र बमबहादुर को गलत चाल- चलन के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति एवं संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके किसी कृत्य से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। - प्रेमलाल यादव पुत्र मनीराम यादव, निवासी- ग्राम- जैतापुर , तहसील -तुलसीपुर, जिला- बलरामपुर

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम राजेश अग्रवाल था। वर्तमान में मैंने अपना नाम राजेश कुमार अग्रवाल रख लिया है भविष्य में मुझे राजेश कुमार अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जाये।- **राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र बृजमोहन लाल अग्रवाल पता भटनागर कालोनी वार्ड द्वारिकापुरी लखीमपुर खीरी**

**सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ZAHIDA BEGAM W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO था। जो कि आज दिनांक 30.04.2024 को मैंने अपना नाम बदलकर ZAHIDA KHATOON W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO **निवासी- मोहल्ला- काजीपुरा उत्तरी, थाना को0 नगर जनपद बहराइच** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र राहुल कुमार मिश्र व रोहित कुमार मिश्र हैं और बालिग है मेरे बड़े पुत्र राहुल कुमार मिश्र का चाल चलन ठीक नहीं है और परिवार के सदस्यों व मुझे प्रताड़ित करता है। मैं अपने बड़े पुत्र से त्रस्त होकर उसे अपने संपत्ति से बेदखल करता हूं, उसके किसी कार्य से हमारा कोई वास्ता नहीं है। **-विंदेश्वरी प्रसाद मिश्र पुत्र राजमन, हरनाटायर, मनकापुर गोंडा**

**NOTICE**

I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar Lucknow do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1334/II-529 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Mrs. Punam Gupta W/o Sanjeev Kumar. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367624 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

**NOTICE**

I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar, Lucknow, do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1333/II-528 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Sanjeev Kumar S/o Late L.L. Gupta. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367638 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

आज का मौसम
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

41.0° अधिकतम तापमान | 25.0 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 22 | सूर्यास्त 06 : 49

# मैं दरोगा-सिपाही के खिलाफ गवाही दे रहा हूं...

## पुलिस की वसूली से त्रस्त होकर जान देने वाले सब्जी विक्रेता के दो वीडियो हुए वायरल

खाकी पर दाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल की वसूली से त्रस्त होकर सब्जी विक्रेता सुनील राजपूत ने फेसबुक पर वीडियो पोस्ट कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने फांसी लगाने से पहले दो वीडियो फेसबुक पर पोस्ट किए।


चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार यादव।


कांस्टेबल अजय कुमार यादव।

### पहला वीडियो

ये मेरा पहला और लास्ट वीडियो है। मैं चौकी इंचार्ज सतेंद्र और सिपाही अजय यादव के खिलाफ गवाही दे रहा हूं। मैं फांसी लगाता हूं तो इसके जिम्मेदार सतेंद्र कुमार होंगे। मुझे परेशान कर दिया है। आज से डेढ़ दो महीने पहले मुझे धमकी दी थी कि तुम मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। ज्यादा से ज्यादा मेरा ट्रांसफर करा पाओगे। मेरे खिलाफ तुम्हारे पास क्या सबूत है, कोई प्रूफ नहीं है। मैं मंडी में सब्जी की दुकान लगाता था। ये मुझसे फ्री में सब्जी लेते थे। मुझसे पैसे छीन लेते थे। कई बार दो से पांच हजार तक लिए। जहां मिलते वहां गाली देने लगते थे। मुझे ये सब पसंद नहीं, इसलिए फांसी लगाकर जान दे रहा हूं।

### दूसरा वीडियो

मम्मी हमें माफ कर देना, पापा तुम भी। सब लोग देख लेना जो भी हो। मैं परेशान होकर फांसी लगा रहा हूं। मम्मी...मम्मी..। मौत से पहले फेसबुक पर डाले गए दो वीडियो में सुनील ने चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल के लिए खिलाफ आरोप लगाए। कहाकि दोनों उसे अक्सर रास्ते में रोक कर गालीगलौज करते थे और प्रताड़ित करते थे। जिस पर वह आजिज आ चुका था।


रोती बिलखती मां राजेश्वरी और संभालते परिजन। अमृत विचार

### तहरीर दबा गई सचेंडी पुलिस

सुनील के परिजनों ने बताया कि नवंबर 2023 में चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार यादव और कांस्टेबल अजय कुमार यादव से परेशान होकर तहरीर थाने में दी थी। थाना पुलिस ने तहरीर को ही दबा दिया था। कार्रवाई न होने पर सुनील ने दवा खाकर जान देने की कोशिश की थी। यहां भी समझौता करा दिया गया।

### तीन महीने पहले परेशान होकर खा ली थी नींद की दवा

- मृतक के बड़े भाई सरवन ने आरोप लगाया कि तीन माह पहले मंडी में सब्जी दुकान पर आकर चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल वसूली का दबाव बनाने लगे। वसूली न देने पर रोड पर उठाकर सब्जी फेंक दी थी। इस पर सुनील ने नींद की दवा खा ली थी, जिसका इलाज कराया गया था। इसके बाद वह जब अस्पताल से आ गया तो इसकी लिखित सूचना सचेंडी थाने पहुंचकर की गई। लेकिन सचेंडी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आरोप लगाया कि उल्टा उन लोगों को समझा दिया कि कहां पुलिस के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे रहे हो। आगे से ऐसा कुछ नहीं होगा और दबाव डालकर समझौता करा दिया।

### दहशत में दुकान लगाना बंद की

- इस घटना के बाद चकरपुर मंडी के व्यापारियों और परिजनों में काफी आक्रोश व्याप्त है। उन लोगों का आरोप था कि चकरपुर चौकी मंडी में है। इस कारण चौकी इंचार्ज और उसके खास कांस्टेबल का इतनी दहशत थी कि वह हर एक व्यापारी को अपना निशाना बनाता था। आरोप लगाया कि सुनील को उन दोनों ने सीधा पाकर वसूली के लिए इतना प्रताड़ित किया कि उसने कुछ दिन से दुकान ही लगाना बंद कर दी थी। पिता बालकृष्ण और मां राजेश्वरी का पेट पालने के लिए वह पास की एक फैक्ट्री में हलवाई के साथ काम करने लगा था।

## चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल के मोबाइल बंद

**कानपुर।** आरोपी चौकी इंचार्ज को कार्रवाई से बचाने का ताना बाना पुलिस ने बुन लिया है। डीसीपी ने बताया कि चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल पर पहला आरोप लगा है कि वह सब्जी मुफ्त में लाता था, लेकिन न तो सत्येंद्र यादव का परिवार थाने में रहता है और न ही अजय का परिवार। थाने में मेस भी नहीं चलता है तो वह फ्री सब्जी किसके लिए लेगा। रुपये लेने के साक्ष्य अभी तक सामने नहीं आए हैं। चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल के मोबाइल की सीडीआर देखी की जाएगी। वहीं वायरल वीडियो के संबंध में बताया कि वीडियो के दोनों फ्रेम अलग-अलग हैं। जो भी आरोप परिजनों के हैं, उन सभी की जांच एसीपी पनकी तेजबहादुर सिंह को सौंपी गई है। बताया कि सत्येंद्र कुमार यादव और अजय कुमार यादव ने फोन बंद कर लिया है।

**तीसरे नंबर का बेटा जेल में** पिता बालकृष्ण ने बताया कि उनका सबसे बड़े बेटा सरवन है, इसके बाद छोटे, राजकुमार घोरपड़े, सुशील और आखिरी में सुनील था। बताया कि उनका बेटा राजकुमार जेल में बंद है, उसका नाम लेकर भी घर आकर लोगों से गाली गलौज और प्रताड़ित करते थे।

**आधा घंटे में मां से घर आने के लिए कहा था:** सोमवार रात 11 बजे मां राजेश्वरी ने सुनील को फोन कर घर आने के लिए कहा तो उसने आधे घंटे में घर आने की बात कही थी। तब तक मां और अन्य परिजन सो गए थे। रात में सुनील ने घर आकर कमरे में पंखे के कुंडे के सहारे गले में गमछे का फंदा लगाकर दो वीडियो बनाए, और इसके बाद मौत को गले लगाया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# आईपीएस ने घूरा तो सांगा बोले, अकड़ मत दिखाइए

कार्यालय संवाददाता, सचेंडी/कानपुर

- अफसर पर भड़के भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा
- ग्रामीणों ने किया हल्ला आईपीएस उल्टे पांव लौट गए


सुनील के घर के बाहर बैठे एसीपी पनकी से जानकारी लेते विधायक अभिजीत सिंह सांगा।

**अमृत विचार।** पुलिस की वसूली के त्रस्त सब्जी विक्रेता के आत्महत्या कर लेने की बात जैसे ही गांव में फैली तो लोग आक्रोशित हो उठे। पूरे गांव में जगह-जगह लोगों की भीड़ जमा हो गई। सचेंडी से ट्रेनी आईपीएस डॉ अमोल मुर्कुट, एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह व सर्किल का फोर्स पहुंच गया। मामला बिठूर विधानसभा क्षेत्र का होने का कारण भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा पहुंच गए।

गांव में पुलिस कर्मियों के साथ पंचायत चल रही थी। इसी दौरान सांगा ने पुलिस अधिकारी डॉ. अमोल मुर्कुट से कहा कि क्षेत्र की जनता में पुलिस के प्रति अविश्वास है।

इस बात पर डॉ. अमोल घूरते हुए कुर्सी से खड़े हो गए और कहा कि आप इस तरह मुझसे नहीं बोल सकते। इस पर विधायक भड़क गए और कहा कि आप जाइए यहां से, हमें अकड़ मत दिखाइए। मैं भी जनता का प्रतिनिधि हूं। इसके बाद ग्रामीण हो हल्ला करने लगे। आईपीएस को उल्टे पैर लौटना पड़ा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### जिलाधिकारी को निलंबन के लिए भेजी थी रिपोर्ट

- डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि आरोपी दोनों पुलिस कर्मी चकरपुर मंडी चौकी इंचार्ज सत्येंद्र कुमार यादव और कांस्टेबल अजय कुमार यादव पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद निलंबन की कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी राकेश सिंह को रिपोर्ट भेजी गई थी। जिनके माध्यम से चुनाव आयोग को सूचित किया गया है। रात में अनुमति मिलते ही दोनों को निलंबित कर दिया गया।

### चौकी इंचार्ज परिवार समेत फरार

- घटना के बाद गांव में दोनों पुलिसकर्मियों के प्रति काफी नाराजगी और गुस्सा भरा हुआ था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपी चौकी इंचार्ज सतेंद्र कुमार परिवार के साथ कमरे में ताला डाल कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

## एक नजर

### इनाम का झांसा देकर खाते से उड़ाए 40 हजार

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने युवक को फोन कर इनाम जीतने का झांसा दिया। इसके बाद उनका मोबाइल हैक कर खाते से 40 हजार रुपये की धनराशि उड़ा दी। जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की शिकायत की है। जाजमऊ के वाजिदपुर निवासी मोहम्मद रिजवान टेनरी कर्मी हैं। उन्होंने बताया कि पिछले सोमवार को दोपहर में उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को एक सिमकार्ड कंपनी का अधिकारी बताया। साथ ही कहा कि उनके मोबाइल नंबर को लकी ड्रा में विजेता घोषित किया गया है। जिसके चलते उन्होंने 25 हजार की रकम जीती है। रिजवान आरोपी के झांसे में आ गए। कुछ देर बात करने पर उनका मोबाइल हैंग हो गया। फिर उन्होंने दोबारा मोबाइल को चालू किया तो खाते से 40 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। जिसे देख उनके होश उड़ गये। जाजमऊ थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### मृत मिला सिक्योरिटी गार्ड

**कानपुर।** नौबस्ता लालूपुर नई बस्ती निवासी 58 वर्षीय संतोष कुमार गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पनकी में साइट नंबर तीन में सिक्योरिटी गार्ड थे। परिजनों के बताया कि वह नाइट ड्यूटी करने गए थे, जहां मृत मिले। पनकी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। मौत की वजह जानने के लिये पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- बिठूर और दक्षिण के एक स्कूल का मामला
- पुलिस जांच में जुटी, कई टीमें लगाई गईं

**अमृत विचार।** कानपुर के दो स्कूलों को ईमेल करके बम से उड़ाने की धमकी से मंगलवार शाम हड़कंप मच गया। पुलिस को मामले से अवगत कराया गया। जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस की टीमों ने जांच की तो फिलहाल अभी तक कहीं कुछ नहीं मिला है। सूत्रों के अनुसार धमकी कई स्कूलों को मिली है।

हाल ही में जयपुर, दिल्ली और लखनऊ के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इससे सैकड़ों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। पुलिस ने बम स्क्वॉड के साथ जांच कराई थी, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला था। अभी उन मामलों की जांच चल रही है। अभी यह मामला जेहन में ही था कि देर शाम बिठूर थानाक्षेत्र के एक नामचीन स्कूल और दक्षिण के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इससे स्कूलों में हड़कंप मच गया। अफरा-तफरी न फैले इसलिए स्कूल प्रबंधन ने गुपचुप पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत अलर्ट हो गई और स्कूलों में जांच शुरू की। उधर सूत्रों ने बताया कि धमकी कई स्कूलों को दी गई है। इस मामले में डीसीपी पश्चिम विजय ढुल का कहना है कि कई स्कूलों को धमकी मिलने की सूचना मिली है, मामले की जांच की जा रही है। छानबीन में कई टीमें लगाई गई हैं। सर्विलांस और क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## किशोर लापता इंस्टाग्राम महिला मित्र ने दी धमकी

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के न्यू आजाद नगर में घर पर मोबाइल रखकर निकला किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता होने के दूसरे दिन किशोर के मोबाइल पर एक महिला ने अपहरण करने की जानकारी देकर फोन काट दिया। भाई ने किशोर की इंस्टाग्राम महिला मित्र और उसके परिजनों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया।

न्यू आजाद नगर निवासी रामनरेश का 16 वर्षीय पुत्र संदीप 10 मई की रात घर पर मोबाइल रखकर बिना बताए कहीं निकल गया था। रात भर घर न लौटने पर 11 मई को परिजनों ने रिश्तेदारी समेत आसपास क्षेत्र में तलाश की। दोपहर बाद संदीप के मोबाइल पर एक महिला का फोन आया, जिसने बोला कि संदीप उसके कब्जे में है और वह तुम लोगों को कभी नहीं मिलेगा। किशोर के बड़े भाई रंजीत ने पुलिस को बताया कि संदीप की इंस्ट्राग्राम पर आजमगढ़ निवासी ज्योति गौड़ से बात होती थी। जब संदीप के मोबाइल को खंगाला तो ज्योति, उसके भाई बजरंगी, पिता लवकुश, मां मलती से लगातार बात होने की जानकारी हुई।


पदकों के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

# इंडो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में टीएसएच को 10 पदक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 11 और 12 मई को आयोजित हुई थी प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** 11 और 12 मई को आयोजित हुई रागा इंडो नेपाल कराटे चैंपियनशिप में द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण समेत 10 पदक जीते हैं। पदक में चार स्वर्ण, दो रजत के अलावा चार कांस्य शामिल हैं। रूरल एमेच्योर गेम्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में टीएसएच के 10 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

व्हाइट बेल्ट में श्रद्धा व शैलेश गुप्ता को रजत और विंशी, रिदम सिंह, जुनैद रजा को कांस्य पदक पटक मिला है।

यलो बेल्ट में मेहर भट्टर, शिखर मिश्रा, सृष्टि व अंशिका को स्वर्ण और अंशुमान गुप्ता ने कांस्य पदक जीता है।

द स्पोर्ट्स हब लगातार खेल और खिलाड़ियों को निखार रहा है। ईडब्लूएस वर्ग के बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। 11 और 12 मई को राजस्थान के जयपुर में आयोजित रागा इंडो नेपाल चैंपियनशिप में टीएसएच के कराटे खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किया है।

# टेनरी में आग, भागकर बचाई जान

हादसा

- जाजमऊ में टेनरी के फिनिश डिपार्टमेंट में लगी आग
- सामान जलकर खाक, लाखों के नुकसान का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में स्थित टेनरी में संदिग्ध परिस्थितियों में फिनिश डिपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। इस दौरान वहां काम कर रहे लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई। दमकल की दो गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। टेनरी में रखा सामान जलकर खाक हो गया। लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

सिविल लाइंस के रहने वाले नदीम कामरान की जाजमऊ के वाजिदपुर में अल्लादाद नाम से टेनरी है। मंगलवार देर शाम टेनरी के फिनिश डिपार्टमेंट में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। कर्मचारियों ने पहले तो आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग बढ़ती गई। कुछ ही देर में लपटें खिड़की से बाहर निकलने लगीं। जिसके बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों और क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया। आग देखकर कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। सूचना पर जाजमऊ फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जाजमऊ फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि कुछ लोगों का कहना है कि चिमनी गर्म हो जाने से चिंगारी निकली थी। वहीं कुछ का कहना था कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। आग लगने का कारण पता लगाया जा रहा है। कोई हताहत नहीं हुआ है।

### टायर फैक्ट्री में झुलसे दूसरे मजदूर की भी मौत

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के भगवंतपुर गांव में दो मई को टायर फैक्ट्री में भीषण आग लगने से झुलसे दूसरे मजदूर की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। एक कर्मचारी की आठ दिन पहले मौत हो चुकी है। भगवंतपुर गांव स्थित टायर रिसाइक्लिंग प्लांट में दो मई को बायलर का ढक्कन लीक होने से फैक्ट्री में आग लग गई थी। जिसकी चपेट में आकर कानपुर देहात के डेरापुर निवासी सुरेश पाल और रसूलपुर गोगूमऊ निवासी 35 वर्षीय सुनील कुमार गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिन्हें पनकी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सात मई को इलाज के दौरान सुरेश पाल की मौत हो गई थी। सोमवार सुबह इलाज के दौरान सुनील कुमार की भी मौत हो गई। सुनील के मौत की खबर सुनकर पत्नी सुनीता और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप है, कि फैक्ट्री मालिक ने मुआवजे के नाम पर एक रुपये नहीं दिया।

हेल्थ जोन — दिनभर खड़े रहने वाले, गलत तरह से व्यायाम करने से होती दिक्कत

# हैलट में लेजर व दूरबीन विधि से वैरिकोसेल का ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- केजीएमसी व जीएसवीएम के विशेषज्ञ देंगे डॉक्टरों को प्रशिक्षण

### इस वजह से होती है यह समस्या



- प्रो.जीडी यादव ने बताया कि जो लोग कई घंटों तक खड़े रहकर काम करते हैं और बिना सपोर्टर के दौड़ लगाते या व्यायाम करते हैं, उनमे वैरिकोज वेन्स की समस्या अधिक देखी जाती है। इसमें पैरों की नसें फूलकर मोटी हो जाती हैं। दर्द व ऐंठन होने लगती है। दबाव बढ़ने पर नस फट जाती है और खून बहने लगता है। समय रहते इलाज न करवाने पर वेंस अल्सर में बदल जाती हैं। इससे दर्द और चलने फिरने में दिक्कत होती है और सामान्य जीवन जीने में दिक्कत होती है। वैरिकोज वेन्स, जिसे वैरिकोजिटीज के रूप में भी जाना जाता है, ये एनगॉर्जड टेढ़ी-मेढ़ी नसें हैं, जो आमतौर पर पैरों में पाई जाती हैं। नई तकनीक से लेजर से वेरिकॉज वेन को जलाकर नष्ट कर देते हैं। इससे पैरों में दबाव कम होने लगता है और सूजन नहीं होती है। अभी इन विधियों से इलाज के लिए दिल्ली आदि बड़े शहरों में जाना पड़ता है। यहां डॉक्टरों को लेटर और दूरबीन विधि की ट्रेनिंग मिलने के बाद शहर के साथ ही आस-पास के रोगियों को बहुत आसानी होगी।

**अमृत विचार।** अब हैलट अस्पताल में वैरिकोसेल का ऑपरेशन लेजर और दूरबीन विधि से किया जाएगा।16 मई को हैलट के सर्जरी विभाग में वैरिकोसेल की समस्या से पीड़ित मरीजों का लेजर व दूरबीन विधि से ऑपरेशन किया जाएगा।

वैरिकोज वेन का इलाज कराने के लिए मरीजों को लखनऊ, दिल्ली, आगरा आदि बड़े शहरों की तरफ रूख नहीं करना पड़ेगा। न ही उनको ऑपरेशन कराने में लंबे टांके व चीरे लगवाने की जरूरत होगी। हैलट में वैरिकोज वेन का इलाज लेजर व दूरबीन विधि से किया जाएगा। 16 मई को लखनऊ के केजीएमयू से प्रो.जेके कुशवाहा हैलट अस्पताल आएंगे और सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.जीडी यादव व प्लास्टिक सर्जन प्रो. प्रेम शंकर के साथ मिलकर एसआर और जेआर को लेजर व दूरबीन विधि से ऑपरेशन की तकनीक के संबंध में प्रशिक्षित करेंगे। विभागाध्यक्ष प्रो. जीडी यादव ने बताया कि प्रशिक्षण के साथ ही क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा, जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने जेआर को सम्मानित किया जाएगा।

साथ ही वैरिकोज बीमारी की रोकथाम और इलाज की सटीक जानकारी भी विशेषज्ञों को द्वारा दी जाएगी। इस विधि से ऑपरेशन के बाद मरीज को अस्पताल से 24 घंटे या 48 घंटे अंदर छुट्टी भी मिल जाएगी। कार्यशाला में एसआर, जेआर समेत सौ डॉक्टर शामिल होंगे। 10 मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा।

## नशेबाजी के विरोध पर पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में नशेबाजी का विरोध करने पर आरोपी ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पूरे परिवार की पिटाई कर दिया।

सनिगवां निवासी नितिन कुमार ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले का रहने वाला एक युवक अक्सर उनके घर के बाहर साथियों के साथ शराब पीकर गाली गलौज करता है। रविवार की देर शाम को भी आरोपी अपने तीन साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। शोर शराबा होने पर नितिन ने घर से बाहर निकलकर शराब पीने से रोका तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। जिस पर विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर नितिन समेत उनके पिता और मां को मारापीटा। लोगों के जमा होने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले।

### राधा-कृष्ण शृंगार और लीला



**कानपुर।** श्रीराधाकृष्ण (जेके मंदिर) में मंगलवार को 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को फूलों से सजाकर विराजमान श्रीराधाकृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। विशेष पूजन में मंदिर के ट्रस्टी अभिषेक सिंहानिया भी शामिल हुए। शृंगार के बाद श्रीराधाकृष्ण को विशेष भोग लगाया गया। दीपदान, प्रसाद वितरण के बाद महाआरती का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम हुए। उत्सव पर भव्य मेले का शुभारंभ भी किया गया जो 30 जून तक चलेगा।

# घाटों से दूर गया पानी, बीच में भेजे गए ड्रेजर

## कच्चा पानी न मिलने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित, भैरोघाट पर गंगा का जलस्तर लगभग दो फीट तक घट गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। शहर में तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचते ही जलसंकट गहराता जा रहा है। गंगा नदी के तट से पानी दूर हो गया है। जिससे ड्रेजर मशीन को गंगा नदी के बीच में भेजना पड़ रहा है। भैरोघाट पर तो गंगा का जलस्तर लगभग दो फीट तक घट गया है। जिससे कच्चा पानी लेने में समस्या और बढ़ गई है। गंगा बैराज पर उन्नाव की तरफ नदी की चौड़ाई आधी रह गई है। नरौरा से कानपुर की ओर कम पानी छोड़ने से समस्या बढ़ गई है। मंगलवार को डाउनस्ट्रीम में पानी 108 मीटर तक पहुंचने के बाद जलकल ने सिंचाई को पानी का स्तर सामान्य करने के लिये कहा है।



घाटों से दूर चली गई गंगा। अमृत विचार

कानपुर के गंगा बैराज से पानी पिछले पांच साल की तुलना में सबसे कम बह रहा है। अटल घाट को छोड़ दें तो परमट, भैरव घाट और सरसैया घाट पर गंगा का पानी कम हो गया है। यहां घाटों के किनारे नाले से गिरने वाला काला पानी दिखाई दे रहा है। गंगा की बीच धारा में टापू बन गए हैं। नदी में पानी कम होने की वजह से जलकल को भी पंपिंग स्टेशन पर पानी खींचने में मशक्कत करनी पड़ रही है। ड्रेजर मशीनों को गंगा के बीच में भेजना पड़ गया है। जलकल अधिकारियों के अनुसार उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। समस्या लगातार रही तो पेयजल सप्लाई में इसका प्रभाव पड़ सकता है। गंगा बैराज के पंप ऑपरेटर उत्तम पाल के अनुसार अपस्ट्रीम पर 111 मीटर पानी है। लेकिन डाउन स्ट्रीम में 108 मीटर पानी रिकॉर्ड किया गया है। शुक्लागंज की ओर पानी और घट गया है। इससे निचले इलाकों में गंगा घाट से काफी दूर चली गई हैं।

### नहरों का पानी कम आने से हुआ संकट


- सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार सिंचाई के लिए पीछे से पानी नहरों में डायवर्ट होने से गंगा में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा जा पा रहा है। चूंकि पीछे से पानी कम आ रहा है, इसलिए कानपुर शहर के लोगों की पानी की जरूरत को पूरा करने के लिहाज से बैराज से कम पानी छोड़ा जा रहा है। उत्तम पाल के अनुसार नरौरा से 6255 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, हरिद्वार से 3453 क्यूसेक पानी आ रहा है। कानपुर में मांग ज्यादा होने की वजह से मंगलवार को 13123 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिन पहले से हालात थोड़े सुधरे हैं। बैराज निर्माण खंड के एक्सईएन पंकज गौतम ने बताया कि नरौरा से जितना पानी छोड़ा जाता है, उसके हिसाब से ही गंगा बैराज से पानी छोड़ते हैं। पिछले कुछ समय में पानी कम आ रहा है।

### प्रतिदिन 85 मिलियन लीटर पानी कम

- शहर में 517 एमएलडी पानी की रोजाना जरूरत है। जबकि 448 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। 85 मिलियन लीटर पानी प्रतिदिन कम सप्लाई हो रहा है। जलकल और जलनिगम की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक आने वाले दिनों में 594 .91 एमएलडी पानी की जरूरत बताई है। इस हिसाब को बनाए रखने के लिये गंगा का जलस्तर समान्य रहना जरूरी है।

# पुलिस को देखकर भगाई कार, चार को मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- कोतवाली थानाक्षेत्र के बड़ा चौराहा का मामला

अमृत विचार। रिश्तेदार के घर से लौटकर शहर घूम रहे दोस्तों को यातायात पुलिस ने रोकने की कोशिश की। लेकिन उन लोगों ने कार भगा दी और चार लोगों को टक्कर मार दी।

पीलीभीत के रहने वाले दो दोस्त शहबाज और अयाज फीलखाना थानाक्षेत्र में एक रिश्तेदार की कार मांगकर शहर घूमने आए थे। शहबाज कार चला रहा था। कैंट स्थित पनचक्की चौराहे से बड़ा चौराहा स्थित मॉल की ओर जा रहे थे इसी दौरान चौराहे पर खड़े टीएसआई रानू सिंह ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो शहबाज ने कार दौड़ा दी। टीएसआई ने कार सवारों को पीछा किया और उन्हें बड़ा चौराहा पर पकड़ लिया। चालक ने कार बैक करके भागने का प्रयास किया। इस दौरान बाइक सवार रवि निषाद, एक ई रिक्शा, ई बस और बाइक को टक्कर मार दी। चौराहे पर खड़े पुलिसकर्मी पहुंचे और उन्हें पकड़ लिया। लोगों ने कार चालक को पीट दिया। कार का पीछे का शीशा तोड़ दिया। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष शुक्ला आरोपी को कार के साथ थाने ले गए। थाना प्रभारी के अनुसार कार उत्तराखंड की है। दोनों दोस्तों के पास लाइसेंस नहीं मिला है। तहरीर न मिलने के चलते टीएसआई ने चालान किया है।

# नवविवाहिता समेत दो ने की आत्महत्या

**कानपुर।** शहर के दो थानाक्षेत्रों में अलग-अलग कारणों से नवविवाहिता समेत दो लोगों ने आत्महत्या कर ली।

फजलगंज के गड़रियनपुरवा निवासी 32 वर्षीय बाबी उर्फ बल्ले पेंटिंग का काम करता था। पिता लालचंद्र ने बताया, डेढ़ माह से मायके में रह रही पत्नी कामिनी से सोमवार देर रात फोन पर बातचीत के बाद बाबी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह शव फंदे पर लटकता देखा तो हड़कंप मच गया। इसी प्रकार नवाबगंज थानाक्षेत्र के ख्योरा में रहने वाले अंकित की 24 वर्षीय पत्नी शिवानी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति ने बताया कि दो माह पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। मंगलवार सुबह शिवानी ने बाथरूम में दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं। पुलिस छानबीन कर रही है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के शीतला बाजार निवासी 48 वर्षीय मोहम्मद आलम की सोमवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई। भाई आबिद ने बताया वह मानसिक रूप से परेशान था। देर रात वह घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान कोई अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और भाई को अस्पताल ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### घर से नकदी, सामान पार

**कानपुर।** मसवानपुर शिवनगर निवासी शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार पुलिस को बताया कि रविवार देर रात चोरों ने घर में घुसकर पेंट में रखे नौ हजार रुपये नगदी समेत एक स्पीकर, मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह उन्हें जानकारी हुई तो घर के वाहर लगे सीसीटीवी चेक किया तो चोर मकान में चढ़ते व आते-जाते हुए कैद हो गए। पीड़ित ने शिकायत रावतपुर थाने में की।

# लाभार्थियों के लिए 'बास्केट ऑफ च्वॉइस' सुविधा जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिवार कल्याण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए हुई समीक्षा बैठक

अमृत विचार। शहरी क्षेत्रों में परिवार कल्याण कार्यक्रम की स्थिति को बेहतर बनाने के संबंध में उर्सला सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जिसमे अधिकारियों ने परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और आशा कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के प्रति अधिक सजग रहने, नसबंदी के प्रति महिला व पुरुषों को अधिक जागरूक और सभी लाभार्थियों को 'बास्केट ऑफ च्वॉइस' की सुविधा उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए है।





उर्सला के सभागार में बैठक करते परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी व अन्य डॉक्टर।

उर्सला अस्पताल के सभागार में मंगलवार को सीएमओ डॉ.आलोक रंजन के निर्देश पर परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। यह बैठक दी चैलेंज इनिशिएटिव पॉप्युलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया के सहयोग से हुई। परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल व एसीएमओ डॉ. रमित रस्तोगी ने कहा कि अस्थायी साधन खासकर तिमाही गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, साप्ताहिक गर्भ निरोधक गोली छाया और इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस (आईयूसीडी) की सेवाओं को और अधिक बढ़ाना है। निर्देश दिया कि स्थायी साधन में महिला और पुरुषों को नसबंदी के लिए जागरूक करें। सभी पीएचसी पर गर्भ निरोधक के सभी साधन और लाभार्थियों के लिए 'बास्केट ऑफ च्वॉइस' की सुविधा उपलब्ध हो। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आईयूसीडी, त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, ओरल पिल्स, साप्ताहिक गोली छाया, कंडोम और इमर्जेंसी पिल्स की सुविधा उपलब्ध रहे।

केंद्रों पर दंपति की साधनों का चुनाव करने में मदद करे। क्षेत्रीय सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक जयप्रकश ने बताया कि सभी आशा कार्यकर्ताओं के पास परिवार कल्याण कार्यक्रम के नियत सेवा दिवस (एफडीएस) और परिवार नियोजन के सभी साधनों की जानकारी होना जरूरी है।

### हर माह की 25 तारीख को पोर्टल में फीड करें डाटा

प्रबंधक जयप्रकश ने निर्देश दिया कि अर्बन हेल्थ इंडेक्स रजिस्टर (यूएचआईआर) समय से पूरा हो और एएनएम उसकी पुष्टि करें। परिवार नियोजन की बास्केट ऑफ च्वॉइस सभी आशा कार्यकर्ताओं के पास होना चाहिए। स्वास्थ्य केंद्रों पर मानव संसाधन, क्षेत्र वार मैपिंग और परिवार कल्याण कार्यक्रम के सभी साधनों की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करें। प्रतिमाह की 25 तारीख तक सभी डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर फीड करें। पीएसआई इंडिया के प्रोग्राम मैनेजर अनिल द्विवेदी ने निर्देश दिया कि सभी पीएचसी पर परिवार नियोजन की उपलब्ध सेवाओं का डिस्प्ले हो। कंडोम बॉक्स में नियमित कंडोम रखे जाएं। परिवार नियोजन की सेवाओं के लिए निर्धारित प्रारूप को समय से भरा जाए।

# प्रेमजाल में फंसाकर किशोरी से दुष्कर्म

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी को पड़ोसी ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद उसका शारीरिक शोषण करता रहा। तबियत बिगड़ने पर जब परिजन उसे अस्पताल ले गए तो डॉक्टर ने उसे गर्भवती बताया। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 14 वर्षीय बेटी को करीब एक वर्ष पहले पड़ोसी अनिल कुमार ने प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है, कि उसके बाद वह बेटी का शारीरिक शोषण करता रहा। कुछ दिनों पहले जब बेटी की तबियत बिगड़ी तो जानकारी हुई कि बेटी गर्भवती है। जिसके बाद किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। आरोपी अनिल ने अपनी भाभी के साथ मिलकर उसे गर्भपात की दवा भी खिलाई थी। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ी। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### छात्र पर जानलेवा हमला, 23 पर एफआईआर

**कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में वर्चस्व बनाने को लेकर साकेत नगर के युवक और उसके साथियों ने बीकॉम के छात्र को खींचकर लात-घूंसों से मारापीटा और भारी वस्तु से सिर पर वार कर जान से मारने का प्रयास किया। घटना में छात्र घायल हो गया। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है। कैनाल कालोनी निवासी 22 वर्षीय युवराज सिंह बीकॉम का छात्र है। उसके जीजा अतुल सिंह ने पुलिस को बताया कि साकेत नगर में रहने वाला यशराज क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाना चाहता है। वह युवराज से खुन्नस भी रखता है। दो दिन पहले युवराज घर के पास स्वीट हाउस में समोसे खा रहा था तभी प्रतीक यादव, उसके साथ यशराज गुप्ता, तुषार वहां पहुंचे और युवराज को पीटते हुए बाहर खींच ले गए, जहां 15 से 20 लोगों ने उसे लात-घूंसों और डंडों से जमकर मारापीटा। उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला किया, जिससे सिर फट गया। इस मामले में किदवई नगर पुलिस ने बताया कि मामले में तीन नामजद और 20 आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा समेत कई धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### 30 हजार अभ्यर्थियों ने दी यूपीएमआरसी परीक्षा

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) द्वारा आयोजित हुई भर्ती परीक्षाओं का मंगलवार को समापन हुआ। विभिन्न विभागों के कुल 439 पदों के लिए आयोजित परीक्षाएं नौ चरणों में 11, 12 और 14 मई को आयोजित की गईं। मंगलवार को भर्ती परीक्षा का तीसरा एवं अंतिम दिन था। परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति कानपुर, आगरा एवं लखनऊ मेट्रो प्रोजेक्ट में होगी। यूपीएमआरसी भर्ती परीक्षाएं आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, बस्ती, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मोरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नोएडा, प्रयागराज समेत उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में 57 केंद्रों पर आयोजित की गईं थीं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए यूपीएमआरसी ने परीक्षा केंद्रों का व्यापक वितरण किया था। भर्ती परीक्षा में कुल 30,505 अभ्यर्थियों नें हिस्सा लिया जो कुल आए आवेदन का करीब 83 प्रतिशत है। उम्मीदवार जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट www.upmetrorail.com पर अपना परिणाम देख सकेंगे।

# उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष का निधन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यापारियों ने बैठक कर जताया शोक

अमृत विचार। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता का मंगलवार को निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। कार्डियोलॉजी में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। भगवतदास घाट में उनको अंतिम विदाई दी गई। व्यापारी नेता संत मिश्रा ने बताया कि राजेश गुप्ता पत्नी व दो पुत्र छोड़ गए हैं। वे उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल में मंत्री भी रह चुके हैं। वे वर्तमान में कानपुर उद्योग व्यापार मंडल व बारदाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष थे। उनके निधन पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आपात बैठक बुलाई गई।



राजेश गुप्ता।

अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी के प्रतिष्ठान में हुई कोर कमेटी की बैठक में उनको श्रद्धांजलि दी गई। चेयरमैन सुरेंद्र सनेजा, अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, महामंत्री अतुल द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष असद इमरान, उपाध्यक्ष पं. आशू शर्मा, युवा जिला संयोजक अनुभव तिवारी, अध्यक्ष अमित गुलाटी, महामंत्री आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वैभव अरोड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

# यात्री का छूटा बैग सुपुर्द किया

**कानपुर।** विजयनगर डबल पुलिया निवासी रुद्राक्ष वर्मा 13 मई सोमवार को सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन में अपना बैग भूल गए थे। उन्होंने इस संबंध में रेलवे में अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।

मंगलवार को रेलवे अधिकारियों ने बैग उनके सुपुर्द किया। पीआरओ उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, अमित कुमार सिंह ने बताया कि रुद्राक्ष वर्मा ट्रेन नंबर 12506 आनंद विहार टर्मिनल-कामाख्या नार्थईस्ट एक्सप्रेस से सेंट्रल स्टेशन आए थे। ट्रेन से उतरते समय उनका बैग छूट गया था।

इसकी सूचना पर ड्यूटी पर तैनात सहायक उप निरीक्षक आरपीएफ एमएल यादव ने बैग उतारकर रेलवे सुरक्षा पोस्ट प्रयागराज में रखवा दिया। मंगलवार को उक्त बैग रुद्राक्ष वर्मा के सुपुर्द किया गया।



हॉकी की विजेता टीम प्रशिक्षकों के साथ। अमृत विचार

# इंटर स्कूल हॉकी में पूर्णचंद चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चार दिवसीय इंटर स्कूल सेवन ए साइड हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पूर्णचंद की टीम-ए ने बी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

स्कूल में खेली गई प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दोनों टीमों में कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों टीमें पहले हॉफ में कोई गोल नहीं कर सकी। दूसरे हॉफ में टीमों ने अपना प्रदर्शन और सख्त किया, लेकिन टीम-ए के सिद्धार्थ ने शानदार खेल दिखाते हुए गेंद को सीधे गोलपोस्ट में डालकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई, जो आखिरी तक बरकरार रही। इस तरह टीम ए ने मुकाबला जीत लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश उपाध्याय ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में सबसे बेहतर खिलाड़ी की ट्रॉफी शिवांश पाल व टॉप स्कोरर की ट्रॉफी सिद्धार्थ को मिली। इस मौके पर जिला हॉकी संघ के पदाधिकारी व रैफरी मौजूद रहे।

# ज्योतिरादित्य बने लेफ्टिनेंट कर्नल

**कानपुर।** दर्शनपुरवा के छात्र ज्योतिरादित्य सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बने हैं। छात्र की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों को दिया है। यह है कि सेना में शामिल होने का उसका बचपन से सपना था। इस सपने को वे पूरा होते हुए देख रहा है। छात्र ने बताया कि देश सेवा से बड़ी सेवा कुछ नहीं होती है। देश की सेवा करने पर वे बहुत उत्साहित है।



ज्योतिरादित्य को स्टार लगाते सेना के अफसर। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

# प्रमुख सचिव ने चिकित्सा और शोध पर जाहिर की खुशी

**दौरा** सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मेडिकल कालेज का निरीक्षण करके कार्यों की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आए
- मेडिकल कॉलेज ने 30 बिंदुओं पर पेश की रिपोर्ट

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के कक्ष संख्या-एक में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मेडिकल कालेज के कार्यों की समीक्षा की। कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने मेडिकल कालेज की तरफ से 30 बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण किया। प्रमुख सचिव ने मेडिकल कॉलेज में किये जा रहे चिकित्सकीय कार्य, शिक्षण कार्य और शोध कार्य पर संतोष व्यक्त कर खुशी जाहिर की।

प्रमुख सचिव ने कानपुर मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य और सीएमओ को मेडिकल कालेज से समन्वय स्थापित कर उर्सला में तैनात सर्जनों को लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, सीएचओ को कैंसर स्क्रीनिंग और पास के जिलों के डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ को आईसीयू केयर के संबंध में प्रशिक्षण प्राप्त कराने के निर्देश दिए। ताकि स्वास्थ्य सुविधाएं और बेहतर हो सके। आकस्मिक स्थिति में सीपीआर का प्रशिक्षण देने के लिए कार्यक्रम तैयार कर चिकित्साकर्मियों के अतिरिक्त आम लोगों के विशिष्ट संवर्गों को भी योजनाबद्ध रूप से प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। मेडिकल कालेज में शुरू किए गए परास्नातक छात्रों के लिए ओरियन्टेशन प्रोग्राम के विषयों की प्रमुख सचिव ने काफी सराहना की।



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण करते प्रमुख सचिव पार्थ सारथी, साथ में प्राचार्य प्रो. संजय काला, सीएमओ डॉ.आलोक रंजन व प्रो. मधु यादव। अमृत विचार

प्रदेश के अन्य राजकीय मेडिकल कालेजों और प्रथम चरण के स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के संकाय सदस्यों को इस कार्यक्रम के विषय में प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान मेडिकल कालेज के सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य हृदय रोग संस्थान के निदेशक प्रो. राकेश कुमार वर्मा, डॉ.उमेशवर पाण्डेय, डॉ. विनय बाजपेई, नेत्र रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.शालिनी मोहन, डॉ. अमृता श्रीवास्तव, उर्सला के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल, कांशीराम अस्पताल के सीएमएस स्वेदश गुप्ता आदि अधिकारी व डॉक्टर रहे।

### गोद में पिता को लेकर लैब पहुंचा बेटा, वीडियो वायरल

- कानपुर। मंगलवार को जब जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीबी लैब का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा निरीक्षण कर रहे थे, तभी उनके ही सामने एक बेटा अपने बीमार पिता को गोद में उठाकर लैब में जांच कराने ले जा रहा था। अधिकारियों को देख वह थोड़ा रुका और उसके बाद जब प्रमुख सचिव थोड़ा हटे तो वह पिता को गोद में लेकर लैब तक ले गया। यह देख प्राचार्य प्रो. संजय काला ने तुरंत मरीज व तीमारदारों से जानकारी ली। जांच के बाद तत्काल ई-एंबुलेंस से हैलट अस्पताल भेजा। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि प्रमुख सचिव जब निरीक्षण कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति अपने पिता को गोद में लेकर एकेडमिक ब्लॉक में घूम रहा था, जिसका वीडियो बनाकर वायरल किया जा रहा है, जो कि गलत है। अस्पताल सड़क के उसपार है, जहां पर स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की सुविधा है। एकेडमिक ब्लॉक रोगियों से संबंधित नहीं है। यहां पर केवल कुछ जांचें होती हैं। इसको इस हिसाब से दिखाया जा रहा है कि यह अस्पताल का हिस्सा है और मरीज को सुविधा नहीं मिली। मेडिकल कॉलेज प्रशासन वीडियो का खंडन करता है।

आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की
PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

## ------------- दसवीं के मेधावी -------------


उज्जवल यादव, एनएलके ग्रुप ऑफ स्कल, 97 .4 फीसदी


सूर्यांश कुशवाहा, एनएलके ग्रुप ऑफ स्कल 97 .2 फीसदी


अदिती शर्मा, एनएलके ग्रुप ऑफ स्कल 97 फीसदी


मोहम्मद आरज खान, एनएलके ग्रुप ऑफ स्कल 96 .2 फीसदी


स्वास्तिक त्रिवेदी, सीएचएस एजुकेशन सेंटर 92 .3 फीसदी


सक्षम वर्मा, सीएचएस एजुकेशन सेंटर 91 .3 फीसदी


तन्मय मेहरोत्रा, सीएचएस एजुकेशन सेंटर 90 .6 फीसदी


वैष्णवी शर्मा, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 93 .2 फीसदी


समृद्वी शुक्ला, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 93 .2 फीसदी


अंश कुमार चौधरी, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 93 फीसदी


जया त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 92 .6 फीसदी


निधि नारायण, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 91 .4 फीसदी


आयुष विश्वकर्मा दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 91 फीसदी


तनिष्का त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 91 फीसदी


पार्थ कपूर, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 90 .4 फीसदी


अनुभव श्रीवास्तव, दुर्गा प्रसाद विद्या निकेतन 90 फीसदी

## ------------ बारहवीं के मेधावी ------------


सिद्वार्थ सिंह, सीएचएस एजुकेशन सेंटर 92 फीसदी


रजत कटियार, सीएचएस एजुकेशन सेंटर 91 .6 फीसदी


आयुष कटियार सीएचएस एजुकेशन सेंटर 90 .6 फीसदी


प्रेम टेकवानी, हरमिलाप मिशन स्कूल 96 .4 फीसदी

# मेधावियों ने कड़ी मेहनत का मीठा फल पाया

कानपुर। सीबीएसई के सोमवार को आए रिजल्ट में कई स्कूलों के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। साल भर कड़ी मेहनत का मीठा फल पाया तो उनके चेहरे खिल गए। कई स्कूलों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। रिजल्ट के बाद मंगलवार को स्कूलों में मेधावियों को बुलाकर सम्मानित किया गया। फूल माला पहनाकर उनका मुंह मीठा कराया गया और उनके सुनहरे भविष्य की कामना की गई। शिक्षकों ने मेधावियों को आशीर्वाद देकर घर के लिए विदा किया।


आरएलबी स्कूल के मेधावी चहके। अमृत विचार

### जसमीत कौर ने मारी बाजी

**कानपुर।** सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में आरएलबी इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्रों ने परचम लहराया है। कक्षा 10 की जसमीत कौर ने 92 फीसदी अंक हासिल किए हैं। वैष्णवी ने 90 .1 फीसदी, शुभ सोनकर ने 89 फीसदी, अर्पित श्रीवास्तव ने 88 फीसदी, सुखमीत कौर ने 87 फीसदी अंक हासिल किए हैं। कक्षा 12 की वंदना यादव ने 87 फीसदी अंक हासिल किए। इसी तरह दिव्यांशी खेमानी 86 फीसदी, गीतिका सूर्यवंशी 85 फीसदी, कार्तिकेय गुप्ता 81 फीसदी व माधव राज सिंह यादव ने 80 फीसदी अंक हासिल किए हैं। विद्यालय के प्रबंधक सुधीर भट्ट व डायरेक्टर शालिनी भट्ट, प्रधानाचार्या रितु सिंह ने मेधावियों को बधाई दी है।


यूपी किराना में मेधावियों ने खुशी मनाई। अमृत विचार

### आराध्या सिंह रहीं अव्वल

**कानपुर।** यूपी किराना सेवा समिति बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सीबीएसई की 10वीं के परीक्षा परिणाम में बाजी मारी है। विद्यालय की छात्रा आराध्या सिंह ने 97 .6 फीसदी अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ओजस्वी वर्मा ने 97 .2 फीसदी अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इशिता पाण्डेय ने 96 .4 फीसदी अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वी के परीक्षा परिणाम में विद्यालय की छात्रा तनु पटेल ने विज्ञान वर्ग से 97 .6 फीसदी अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, दिव्यांशी सिंह ने विज्ञान वर्ग से 97 .4 फीसदी अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान व शैली सिंह ने विज्ञान वर्ग से 96 .2 फीसदी अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

### एनएलके ने लहराया परचम

**कानपुर।** सीबीएसई परीक्षा परिणाम में एनएलके एकेडमी, भवानीपुर मंधना के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बताया गया कि स्कूल के छात्र उज्जवल यादव ने 97 .4 फीसदी अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह सूर्याश कुशवाहा ने 97 .2 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उधर छात्रा अदिति शमी ने 97 फीसदी अंक के साथ स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की बेहतर सफलता के बाद एनएलके ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी व स्कूल की प्रधानाचार्या पुनीता टुटेजा, उप प्रधानाचार्य कौशलेश तिवारी व हेडमिस्ट्रेस अमिता कालरा ने सभी छात्रों को बधाई दी। इसके अलावा छात्रों से यह भी कहा कि सफलता का एक ही मूलमंत्र है और वह है कड़ी मेहनत, छात्रों को सीख दी गई कि यह मूलमंत्र उन्हें जीवनभर अपने साथ रखना चाहिए।


ऐलन हाउस के मेधावी शिक्षिकाओं के साथ। अमृत विचार


बच्चों ने स्कूल में हिप-हिप हुर्रे करके खुशी मनाई। अमृत विचार


हरमिलाप के मेधावी बच्चे। अमृत विचार

## ऐलनहाउस पब्लिक स्कूल की मनस्वी व काव्या ने मारी बाजी

**कानपुर।** ऐलनहाउस पब्लिक स्कूल खलासी लाइन में सीबीएसई परीक्षा परिणाम में इस बार बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं का बोर्ड रिजल्ट इस बार 100 फीसदी रहा है। परीक्षा परिणाम में 12वीं की छात्रा मनस्वी गर्ग ने 98.4 फीसदी अंक हासिल किए हैं।

इसी तरह दसवीं की छात्रा काव्या मिश्रा ने 98 फीसदी अंकों पर कब्जा कर मेधावियों की सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। स्कूल के बेहतर परीक्षा परिणाम पर मंगलवार को भी स्कूल में उत्साह रहा। शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उत्साह जताया। उधर स्कूल की ओर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई भी दी गई।

### अभय व प्रेम ने किया टॉप

**कानपुर।** हरमिलाप मिशन स्कूल में बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा परिणामों में दसवीं में इस बार दसवीं में 155 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए। इनमें अभय कटियार ने 96 फीसदी अंकों के साथ स्कूल टॉप किया है। इसी तरह 12वीं कक्षा में 125 परीक्षार्थी शामिल हुए। इनमें छात्र प्रेम टेकवानी ने 96 .4 फीसदी अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। इसी तरह छात्र सुमित नंदा ने 95 फीसदी अंकों पर कब्जा किया। बेहतर परीक्षा परिणाम पर स्कूल के चेयरमैन विजय सर्राफ, प्रबंधक अमरजीत भाटिया व प्रधानाचार्य मीनू गोसाई ने सभी बच्चों को बधाई दी है।


सुभाष स्कूल के मेधावी बच्चे शिक्षिका के साथ। अमृत विचार

### मेधावियों का माला पहनाकर हुआ स्वागत

**कानपुर।** सीबीएसई के जारी परीक्षा परिणाम में सुभाष पब्लिक स्कूल वाई ब्लॉक किदवई नगर के मेधावी छात्र छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया है| छात्रो ने 95 फीसदी अंक लाकर विद्यालय को गौरवांवित कर दिया। परीक्षा परिणाम पर एमडी सुधीर भट्ट, प्रिंसिपल अक्षय मिश्रा ने मेधावी छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित किया। बताया गया कि स्कूल की कक्षा 10वी के गौरांश मिश्रा ने 95 फीसदी, कृति दीक्षित ने 94 .8 फीसदी. अंश चतुर्वेदी और सुदीप्ती त्रिपाठी ने 94 फीसदी, श्रीधरन शुक्ला ने 93 .4 फीसदी, अब्दुल हमाद मदनी 92 फीसदी, खुशी दिवाकर 91 .6 फीसदी, श्रेया वर्मा 91 फीसदी अभिनव कुमार व अक्षत राठौर 89 .6 फीसदी, हर्षित यादव 88 .4 फीसदी, अभिषेक प्रताप सिंह 88 फीसदी व देव भार्गव 86 .4 फीसदी, अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। इसी तरह 12वीं की आर्या बाजपई 94 .4 फीसदी, जयंती दुबे 92 .8 फीसदी, आध्या त्रिवेदी 92 .4 फीसदी, राजनंदिनी शर्मा 88 .8 फीसदी, वेदांश गुप्ता 86 .4 फीसदी, पल्लवी इशरानी 85 .6 फीसदी अंक हासिल किए हैं।


सीएचएस सेंटर के मेधावी बच्चे। अमृत विचार

### वैष्णवी शर्मा ने किया स्कूल टॉप

**कानपुर।** दुर्गाप्रसाद विद्यानिकेतन के मेधावियों ने सीबीएसई परीक्षा में बेहतर सफलता हासिल की है। दसवीं के परीक्षा परिणाम में वैष्णवी शर्मा 93 .2 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया है। इसी तरह समृद्धि शुक्ला ने 93 .2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया है। उधर अंश कुमार चौधरी ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया है। इसी तरह जया त्रिपाठी ने 92 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। परीक्षार्थियों की सफलता पर विद्यालय के संस्थापक पं केए दुबे पद्मेश, अध्यक्ष सिद्धार्थ दुबे, सीईओ सौमित्र दुबे, प्रधानाचार्या जया गौड़, समन्वयक एकता दुबे, अपर्णा दुबे व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन की बधाई दी।


दुर्गाप्रसाद विद्या निकेतन में जश्न मना।

### स्वास्तिक व सिद्धार्थ ने किया स्कूल टॉप

**कानपुर।** तात्या टोपे नगर स्थित सीएचएस एजुकेशन सेंटर का परीक्षा परिणाम सौ फीसदी रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति विज ने बताया कि कक्षा 10 में स्वास्तिक त्रिवेदी ने 95 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 के सक्षम वर्मा ने 92 .4 फीसदी अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह तन्मय मेहरोत्रा ने 92 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्रों में वेदांत सिंह ने 91 .2 फीसदी, समाव्या सिद्धीकी ने 91 फीसदी, ऋषि सचान ने 90 .2 फीसदी तथा अशिंका भदौरिया ने 90 फीसदी, अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस तरह कक्षा 12 के सिद्धार्थ सिंह 92 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रजत कटियार 91 .6 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा आयुष कटियार 90 .6 फीसदी अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे।

## कड़ी मेहनत कर आईएएस बनना चाहती है आकर्षिता

**संवाददाता, शिवराजपुर**

**परिवार में खुशी**

- आकर्षिता सिंह ने 96 प्रतिशत अंक लाने में पाई कामयाबी
- अनुष्का दीक्षित ने भी 96 फीसदी अंक हासिल कर बढ़ाया मान

**अमृत विचारः** सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर अपनी गजब की मेधा दिखाई। क्षेत्र के आइडियल एजुकेशन सेंटर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल की परीक्षा अच्छे नम्बरों से पास कर विद्यालय, माता-पिता, परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया।

आइडियल एजुकेशन सेंटर में पढ़ने वाले मोहित राज सिंह ने 94 प्रतिशत, अनिकेत ने 91 प्रतिशत और वैष्णवी सिंह ने 85 प्रतिशत के साथ इस स्कूल के अधिकांश बच्चों ने अच्छे नम्बरों के साथ हाईस्कूल की परीक्षा पास की। शिवराजपुर क्षेत्र के हिंदूपुर गांव के रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र दीक्षित की पुत्री अनुष्का दीक्षित ने 96 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जिससे परिवार में हर्ष का माहौल है। उनके पिता सुरेंद्र दीक्षित ने बेटी का मुंह मीठा करा कर बधाई दी।

सदिकामऊ ग्राम प्रधान रीतू प्रदीप सिंह की भतीजी आकर्षिता सिंह ने 96% अंक लाकर गांव का नाम रोशन किया है। परिवार वालों ने आकर्षिता सिंह का मुंह मीठा कराकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आकर्षिता सिंह ने कहा कि उनका सपना आईएएस बनने का है। इसके लिए वह आगे भी कड़ी मेहनत करेंगी और अपना सपना पूरा कर देश की सेवा करेंगी। आइडियल एजुकेशन सेंटर में अजय कुमार ने टॉपर छात्र- छात्राओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्र -छात्राएं खुशी से चहकते रहे।


अनुष्का दीक्षित का मुंह मीठा करते परिजन। अमृत विचार


आकर्षिता सिंह का मुंह मीठा कराती दादी। अमृत विचार

## ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं ने भी दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता, चौबेपुर**

**अमृत विचार।** सीबीएसई हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के परिणाम में क्षेत्र के विन्यास पब्लिक स्कूल व वीवीआईपी स्कूल के बच्चों ने परचम फहराकर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधतंत्र ने बच्चों की कामयाबी पर उन्हें सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

सोमवार को घोषित हुए सीबीएसई हाईस्कूल के परिणाम में अमिलिहा स्थित विन्यास पब्लिक स्कूल में दसवीं के वैभव कटियार ने 97.4 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वैष्णवी कटियार 94 प्रतिशत के साथ दूसरे और प्रद्युम्न पांडेय 93.8 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि विद्यालय के हर्षित पाल, मोहम्मद समद सिद्दीकी, तनिष्का गुप्ता, मोहित प्रजापति, कशिश विश्वकर्मा, अनूप मिश्रा, सत्यम ने 90 प्रतिशत अंक पाकर अपने विद्यालय का मान बढ़ाया। इंटरमीडिएट के बच्चों में विद्यालय की आयुषी 87.6 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में टॉप पर रहीं। दूसरे स्थान पर निहारिका सिंह ने 87.4 प्रतिशत व आशुतोष सिंह ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। यहां इंटरमीडिएट में ही कृष्णा गुप्ता, ओजस्वी कटियार, आन्या ओमर, राधिका ओमर, श्वेता शर्मा, श्रेया ओमर ने 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधक वरुण कटियार व प्रधानाचार्य शायलावली ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कस्बे के शिव शक्ति नगर स्थित वीवीआईपी स्कूल में कक्षा 10 के कवी सिंह, पूर्णिमा सिंह, अभिनव शुक्ला, सुमित, सनी यादव, निखिल सिंह, दिव्यांशी गुप्ता, खुशहाल मिश्रा व अनन्या गुप्ता ने 90 से 95 फीसदी के मध्य अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इंटरमीडिएट की विदुषी मिश्रा, अन्वी गुप्ता, सुदीप चौरसिया, हर्ष, कशिश पांडेय व ईशू ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ माता-पिता का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई ने मेधावी बच्चों को प्रतीक चिह्न देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।


मेधावी बच्चों को सम्मानित करते चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई। अमृत विचार

**गड़बड़ी** | गुरुनानक ब्वॉयज इंटर कॉलेज प्रकरण में कार्रवाई तय

## मृतक आश्रित को दी नौकरी, जांच

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- जिला विद्यालय निरीक्षक ने शुरू की छानबीन

**अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एक मृतक आश्रित को नौकरी दिए जाने पर जांच शुरू हो गई है। शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने विभाग को भ्रम में रखकर यह नौकरी हासिल की है। शिकायत के आधार पर शुरू हुई जांच पर शिक्षा अधिकारी नियमों को जानने का प्रयास कर रहे हैं।

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि तथ्यों को छिपाकर गुरुनानक ब्वायज इंटर कॉलेज, सुंदर नगर में मृतक आश्रित कोटे से महिला को नौकरी दिए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से भी की गई है। शिकायत में कहा गया है कि गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज, सुंदर नगर में सहायक अध्यापक पद पर डॉली बेंज कार्यरत थीं। उनका निधन फरवरी 2017 में हुआ था। उस वक्त शिक्षिका डॉली के पति क्राइस्टचर्च कॉलेज में कार्यरत थे। उन्होंने 30 जून 2021 को वीआरएस लिया था। डॉली की बेटी शालिना बेंज ने गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में मृतक आश्रित कोटे में मां की जगह नौकरी पाने का आवेदन किया।

अधिकारी बता रहे हैं कि नियम यह है कि यदि माता-पिता दोनों सरकारी नौकरी में हैं और उनमें से किसी का निधन होता है उनके बच्चे मृतक आश्रित का लाभ नहीं ले सकते हैं। बावजूद इसके आरोप है कि उस वक्त के डीआइओएस द्वितीय मुन्नीलाल ने नियमों का उल्लंघन कर गुरुनानक गर्ल्स इंटर कॉलेज में शिक्षक का पद रिक्त न होने के बाद भी उनकी नियुक्ति कर दी।

वहां से वेतन भुगतान में आपत्ति उठने पर बिना नियुक्ति निरस्त किए गुरुनानक ब्वायज इंटर कालेज में शिक्षिका को स्थानांतरित करा दिया। पूरे मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि पूरे मामले पर जांच चल रही है। यदि आरोपी शिक्षिका दोषी पाई जाती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने चौकी में किया हंगामा

**कानपुर।** सचेंडी थाना क्षेत्र में पीड़ित को चौकी में बंद कर पुलिस द्वारा पीटने के शिकायत पर पहुँचे ग्रामीणो ने पुलिस चौकी पर जमकर हंगामा काटा। हंगामा बढ़ते देख चौकी में तैनात पुलिस कर्मी चौकी में ताला लगाकर भाग निकले।

सोना गांव के रोहित गुप्ता की भीमसेन में स्वीट हाउस की दुकान है। जहां पर भीमसेन निवासी मुन्ना मिश्रा उर्फ रवि मंगलवार शाम को वहां पहुंचकर नशेबाजी करने लगा। रोहित के विरोध करने पर आरोपी मारपीट करने लगा। रोहित भीमसेन पुलिस चौकी पहुंचा। आरोप है कि वहां पर तैनात चौकी इंचार्ज व सिपाहियों ने रोहित को ही चौकी में बंद कर जमकर पीट दिया। पुलिस द्वारा रोहित की पिटाई की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए और हंगामा किया।

## डीसीएम के कुचलने से बाइक सवार की मौत

**संवाददाता, बिल्हौर**

**हत्या का आरोप**

- परिवार वालों ने साजिशन हत्या करने का आरोप लगाया
- बकाया रुपये लेने निकला था युवक, विवाद की बात आई सामने

**अमृत विचारः** ककवन थाना क्षेत्र के विषधन इलाके में टैंकर से कुचलने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। परिवार वालों का आरोप है कि यह हादसा नहीं, बल्कि हत्या की गई है। युवक बकाया रुपये लेने के लिए निकला था, जहां उसका विवाद हुआ और फिर टैंकर चढ़ाकर हत्या कर दी गई।

मकनपुर क्षेत्र के सिंघौली गांव निवासी अजीत कुमार बाइक से आ रहा था, तभी विषधन से पहले एक टैंकर की टक्कर से वह घायल हो गया। चौकी इंचार्ज सैंकी त्यागी ने घायल को बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से हैलट रेफर कर दिया गया। वहां देर शाम आठ बजे उसकी मौत हो गई।

परिवार वालों का आरोप है कि अजीत बकाया रुपया लेने के लिए रिश्तेदार अजय और मुकेश के पास जा रहा था। रास्ते में मुलाकात होने पर रुपयों को लेकर मुकेश और अजय से अजीत की झड़प हुई। दोनों ने अजीत को अपने साथ गांव ले जाकर रुपये देने की बात कही।

आरोप लगाया कि लेनदेन को लेकर अजय और मुकेश ने अजीत के ऊपर डीसीएम चढ़ा दी।

## एक नजर

### महिला क्रिकेटरों का पंजीकरण शुरू

उन्नाव। बीसीसीआई द्वारा महिला क्रिकेटरों की आयु में परिवर्तन किए जाने से अब अंडर-15 टीम चयन के ट्रायल प्रतियोगिता के लिए अगली तिथि घोषित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए डीसीए सचिव पीके मिश्र ने बताया कि मौजूदा सत्र के लिए यूपीसीए ने एक सितंबर 2009 से 31 अगस्त 2012 बीच जन्म तिथि वाली खिलाड़ियों के चयन के निर्देश दिए है, जबकि इससे पहले एक सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के मध्य जन्मी खिलाड़ियों का चयन किया जाता था। उन्होंने बताया कि इस संशोधन से आयु की वजह से वंचित रह गईं। खिलाड़ियों को भी मौका प्राप्त होगा। यूपीसीए ने 13 मई को पंजीकरण पोर्टल संचालित कर दिया है, जिसमें 18 मई तक संशोधित आयु वर्ग के लिहाज से खिलाड़ी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### किशोरी ने निगला कीटनाशक,भर्ती

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिता की डांट से नाराज किशोरी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उसे मियागंज सीएचसी लाए जहां से जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया। अरेरकला गांव निवासी जगदीश की बेटी सलोनी मोबाइल फोन चला रही थी। पिता ने इसके लिए उसे मना किया लेकिन वह नही मानी। इस पर पिता ने उसे डांट दिया। इसी से आहत होकर घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। उल्टियां होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उनके हांथ पांव फूल गए। उसे परिजन मियागंज सीएचसी लाए। जहां से डाक्टरों ने उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा है।

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर रेलवे ट्रैक स्थित सोनिक स्टेशन के पास अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं होसकी। जिस पर शव को 72 घंटे के लिये उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। मंगलवार दोपहर सोनिक स्टेशन के पास एक अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत आ गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी एसएस को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी पहुंची और जांच के बाद शव को ट्रैक से हटवा कर रूट क्लियर कराया। वहां मौजूद कोई व्यक्ति उसे पहचान नहीं सका। इस पर जीआरपी ने सोशल मीडिया और स्थानीय पुलिस से भी मदद ली। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक ने काली लोअर व पीली टीशर्ट पहन रखी थी। जीआरपी ने शव को मर्च्युरी में रखवाया है।

# घर के पीछे पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## रात के समय शराब के नशे में घर में जमकर काटा था हंगामा

संवाददाता चकलवंशी उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थाना अंतर्गत रामनगर गांव निवासी एक युवक का शव घर के पीछे लगे पेड़ में फंदे से लटका देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख कर बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक ने सोमवार रात शराब पीने के बाद घर में जमकर हंगामा भी काटा था।

ग्राम पंचायत भदियार के मजरा रामनगर तिराहा निवासी रामकुमार (36) पुत्र गोवर्धन मजदूरी करता था। वह शराब का लती था और नशे में आए दिन घर में हंगामा करता था। सोमवार को वोटिंग समाप्त होने के बाद ठेके खुलने पर शराब पीकर घर पहुंचा और पिता सहित अन्य परिजनों से विवाद करने लगा। पिता की सूचना पर दो बार पीआरवी भी पहुंची और उसे समझा कर लौट गई। इस पर भी उसने हंगामा बंद नहीं किया तो पिता और छोटा भाई प्रकाश पड़ोसी गांव सुब्बा खेड़ा में एक रिश्तेदार के यहां चले गए। मंगलवार सुबह पत्नी राज दुलारी सोकर उठी तो पति घर में मौजूद नहीं था। वह तलाश करने बाहर निकली तो घर के पीछे लगे अमरूद के पेड़ से रामकुमार का शव साड़ी के फंदे से लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुन कर पड़ोसी एकत्र हो गए। जानकारी पर अन्य परिजन भी पहुंचे और शव देख कर बिलख उठे। पिता की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव को उतरवाने का प्रयास किया। इस बीच दिवंगत युवक के सुसराल पक्ष के लोग पहुंचे और हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई। पुलिस ने उन्हे शांत करा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कर्रवाई का भरोसा देकर शव मोर्चरी में भेजा।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मदारी खेड़ा गांव में रहने वाली एक विवाहिता मंगलवार दोपहर खाना खाने के बाद कमरे में चली गई और उसने फांसी लगा ली। कुछ देर बाद परिजनों की नजर पड़ी तो उनकी चीख निकल गई। मदारी खेड़ा गांव निवासी मुकेश पुत्र रामू की शादी पांच साल पहले दही थाना क्षेत्र के मन्या गांव निवासी चंद्र प्रकाश की बेटी प्रतिमा से हुई थी। प्रतिमा के दो बेटियों में बड़ी बेटी साक्षी (3) व नौ माह की शिक्षा है। पति मुकेश हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करता है। वह ससुराल में ससुर रामू, सास माया देवी के साथ रहती थी। ससुर रामू ने बताया मंगलवार की दोपहर बहू प्रतिमा (27) खाना खाकर अपने कमरे में चली गई। शाम को बेटी गुड़िया अपनी भाभी के कमरे में गई तो वह साड़ी के फंदे से छत के कुंडे के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रही थी। बेटी के शोर मचाने पर परिजनों दौड़े और गले में कसा फंदा काटकर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और जांच की। विवाहिता की मौत से जुड़ा मामला देख कर एसडीएम को इसकी सूचना दी। बेटी के आत्महत्या करने की जानकारी मायके पक्ष के लोग भी पहुंचे। लेकिन अभी कोई आरोप नहीं लगाया है।

### ससुराल आए युवक की करंट लगने से मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली के सुरसेनी गांव में पंखे के कटे तार की वजह से कच्ची फर्श में उतरे करंट की चपेट में ससुराल आए दामाद की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बिना पुलिस को सूचना दिए युवक के परिजन शव लेकर अपने घर लौट गए।

कोतवाली क्षेत्र के गौरा गांव निवासी आसिफ (27) पुत्र शमीम बीते सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के सुरसेनी गांव निवासी अपने ससुर घसीटे के घर आया था। शमीम कमरे में सो रहा था और उसके पास फर्राटा पंखा चला रहा था। पंखे का तार कटा होने की वजह से कमरे की कच्ची फर्श में करंट उतर आया। अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए शमीम उठा और जैसे उसने अपना पैर फर्श पर रखा वह करंट की चपेट में आ गया। अचेत होकर गिरने पर ससुरालियों को इसकी जानकारी हुई।

मेन स्विच काट कर परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस को सूचना दिए बिना शव लेकर गांव गौरा चले गए। पति की अचानक हुई मौत से पत्नी समेत परिजन बेहाल है।



पुलिस कर्मियों को संबोधित करते एएसपी। अमृत विचार

# उन्नाव के पुलिसकर्मी गए हमीरपुर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना
- 20 मई को हमीरपुर में होना है चुनाव, संभालेंगे जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** 20 मई पांचवें चरण में लोकसभा का चुनाव होना है। जिसे देखते हुये उन्नाव के पुलिस कर्मियों को अपर पुलिस अधीक्षक ने दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही कहा कि चुनाव के दौरान लापरवाही न करें और अपने दायित्व का निर्वहन करें। जिसके बाद एएसपी ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस कर्मियों की बसों को हमीरपुर जनपद के लिये रवाना किया।

मंगलवार शाम उन्नाव पुलिस लाइन परिसर में लोकसभा के पांचवें चरण में होने वाले मतदान में जिन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी थी, वह पहुंचे। जहां एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ दीपक सिंह ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का विशेष रूप से ध्यान रखने को कहा। ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही बताया कि चुनाव में ड्यूटी करने जाने वाले पुलिसकर्मी चुनाव के दौरान बूथों पर कड़ी निगरानी रखेंगे, कहीं पर भी किसी प्रकार की गड़बड़ी या अन्य समस्या दिखे तो वह अपने जोनल मजिस्ट्रेट और सीओ स्तर के अधिकारियों को तत्काल अवगत कराएंगे। स्वास्थ्य संबंधित यदि किसी पुलिसकर्मी को समस्या आए तो हमीरपुर के पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नंबर पर फोन करके मदद मांग सकते हैं। एएसपी ने कहा कि जिन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी हथियार के साथ लगी है, ऐसे पुलिस कर्मी पूरी सावधनी बरतें, ड्यूटी के दौरान यदि ऐसे पुलिस कर्मियों से कोई लापरवाही या गड़बड़ी होती है तो उन पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### यह फोर्स हुआ रवाना

उन्नाप पुलिस लाइन से हमीरपुर के लिये मंगलवार को निरीक्षक, उप निरीक्षक, हेडकांस्टेबल, कॉन्स्टेबल समेत 655 पुलिसकर्मियों को भेजा गया है। जहां एएसपी अखिलेश सिंह व सीओ आरआई अब्दुल रशीद के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर पुलिस कर्मियों की बसों को रवाना किया गया।

# वाहन की टक्कर से गुब्बारा बेचने वाले की गई जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**अमृत विचार।** बारासगवर थाना अंतर्गत फेरी लगा कर गुब्बारा बेचने वाले युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे उसके सिर पर गहरी चोटें आई। साथी उसे अस्पताल पहुंचाते इससे पहले उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

कानपुर देहात जिला के गजनेर थाना क्षेत्र के गोदेपार गांव निवासी राजेश (26) पुत्र ओमप्रकाश लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग पर बबलू सिंह के मकान में अपने आधा दर्जन साथियों के साथ किराये पर रहता था। सभी अलग-अलग फेरी लगा कर चूड़ी व अन्य समान बेचने का काम करते थे। राजेश भी फेरी लगा कर गुब्बारा बेचता था। सोमवार को वह अपने गांव में वोट डालने गया था। जहां से देर रात करीब 12 बजे लौटते समय वाहन से उतर कर सड़क पार कर रहा था। तभी बारासगवर थाना क्षेत्र के लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग पर करनाईपुर गांव के सामने तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जानकारी पर उसके साथी पहुंचे लेकिन इससे पहले उसकी मौत हो गई।

इसकी खबर उसके घर पहुंचते पत्नी मीरा और तीन भाई बेहाल हो गए। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव अपने गांव लेकर चले गए। वहीं रात होने की वजह से टक्कर मारने वाले वाहन का पता नही लग सका।

# बच्ची से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत एक पिता ने अपनी बच्ची के साथ युवक पर छेड़छाड़ की नियत से उसे जबरन ले जाने का आरोप लगाया है। वहीं शिकायत पर पुलिस जांच के बाद कर्रवाई करने की घुट्टी देकर मामले को टरकाने में जुटी है

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार शाम चार बजे उसकी बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी उसी गांव के एक युवक ने बच्ची के साथ छेड़छाड़ करते हुए उसे जबरन अपने साथ ले जाने लगा। बेटी के शोर मचाने पर परिजन दौड़े तो युवक बेटीको पीटकर भाग निकला। बताया इसमें उसकी बच्ची को चोटें भी आई। शिकायत के बाद भी पुलिस मामले को टरकाने में जुटी हैं। पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई ना करने का आरोप लगाया हैं। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं।

# सर्विस लेन नहीं बनने से ग्रामीणों ने लगाया जाम ,मिला आश्वासन

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा तहसील अंतर्गत लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे का निर्माण पीएनसी कंपनी करा रही है। क्षेत्र के रसीदपुर सहित कई अन्य गांवों के लोगों को आवागमन का रास्ता मुहैया नहीं कराने से नाराज ग्रामीणों ने मंगतखेड़ा-सोहरामऊ मार्ग पर जाम लगा दिया। हंगामे की सूचना पर पीएनसी के अधिकारियों ने तत्काल अस्थाई रोड बनाने व 15 दिनों में सर्विस लेन बनवाए जाने के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीण सड़क से हटे। इस दौरान करीब एक घंटे जाम लगा रहा।

तहसील क्षेत्र से निकल रहे लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर क्षेत्र के रसीदपुर चेतरा, सोहनखेड़ा, खत्रिनखेड़ा सहित गांवों के लोगों को आवागमन के लिए रास्ता नहीं दिया गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने पीएनसी कंपनी के अधिकारियों से वार्ता का प्रयास किया लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को अक्रोशित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और मंगतखेड़ा-सोहरामऊ मार्ग पर जाम लगा दिया। नारेबाजी और हंगामे सूचना पर पीएनसी के लाईजिनिंग ऑफिसर अनुरुद्ध राय पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने उनकी एक नहीं सुनी। ग्रामीण लिखित आश्वासन देने और तत्काल अस्थाई मार्ग बनवाने की मांग पर अड़े रहे। इस पर मैनेजर ने तत्काल अस्थायी मार्ग बनवाने व 15 दिनों में सर्विस लेन बनवाने का लिखित आश्वासन देने के बाद नाराज लोग माने। इस दौरान लगभग एक घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा।



जाम लगा कर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

# नोटों की कतरन से भरी बोरी बनी चर्चा का विषय

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत मार्ग उन्नाव-हरदोई मार्ग पर सड़क किनारे पड़ी नोटों की कतरन से भरी एक बोरी लोगों में चर्चा का विषय बनी है। इसे देखने के लिए सड़क किनारे लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। चुनावी भागदौड़ के बाद आराम फरमा रही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच करना मुनासिब नहीं समझा।

नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित मरी कंपनी मोड़ के पास नोटों की कतरन से एक प्लास्टिक की बोरी पड़ी होने पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसमें 10 से लेकर 500 तक के नोटों की कतरन भरी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक बोरी तीन दिनों से पड़ी है। मंगलवार को चर्चा सुनकर बड़ी संख्या में इसे देखने के लिए लोगों को भीड़ जमा रही। इनमें कुछ लोग कतरन निकाल भी ले गए।

# पुण्यतिथि पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को भीम शंकर शुक्ला की 15वीं पुण्य तिथि मनाई गई। जहां सदस्यों उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया और उसके बाद राहगीरों को शर्बत पिलाया।

डीएसएम पब्लिक स्कूल में भीम शंकर शुक्ला की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसके बाद उनके द्वारा किये गये कार्यों का बखान किया गया। इस दौरान राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में ठंडा-ठंडा शर्बत पिया। शर्बत वितरण दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा। श्रद्धांजलि सभा में आशुतोष शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, ओम प्रकाश मिश्रा, अंजनीकांत मिश्रा, ओमप्रकाश दीक्षित, श्रीकान्त त्रिवेदी, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, विजयशंकर तिवारी, उमाशंकर यादव, प्रमोद त्रिवेदी, संतोष मिश्रा, शिवसरन, सूर्यकुमार बाजपेई, बालेश आदि रहे।




राजधानी मार्ग पर राहगीरों को शर्बत पिलाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता गंजमुरादाबाद

- रविवार को पेड़ से लटका मिला था युवक का शव

**अमृत विचार।** बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत पोहपी खेड़ा में रविवार को एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। सोमवार को पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई थी लेकिन परिजन इससे संतुष्ट नहीं थे। इसी से उन्होंने सोमवार को शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। मंगलवार को पुलिस ने गांव के एक युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज की इसके बाद परिजन माने।

बता दे पोहपी खेड़ा गांव निवासी मोहनलाल (40) पुत्र रामखेलावन का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला था। पुलिस ने जांच के बाद सोमवार को शव का कराया था इसमें हैंगिंग मौत की पुष्टि हुई। वहीं परिजनों का आरोप था हत्या कर शव लटकाया गया था। इसी से नाराज परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया। मंगलवार को पिता रामखेलावन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा मोहनलाल बीती 11 मई को खरबूजा बेचने बेहटा की बाजार गया था। तभी उसके और गांव के ही सियाराम पुत्र उमराय व उसकी पत्नी सीमा बेटी मधु से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। सभी ने उसके बेटे से मारपीट करने के बाद जान से मारने की धमकी दी थी। इसी रंजिश के चलते शाम को गांव के नन्हके व पड़ोसी गांव रामदीन खेड़ा निवासी रामभजन मोहनलाल को अपने साथ ले गए थे। उन्होंने बेटे को मार कर उसका शव फंदे पर लटका दिया गया। बताया कि करीब 10 बजे नन्हके उसके घर बाइक खड़ी करने आया था। दिवंगत युवक की मां रामरती का आरोप है कि पांच लोगों पर बेटे की हत्या किए जाने की तहरीर दी तो एसओ ने दो लोगों का नाम तहरीर से हटाने का दबाव बनाया। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था।

# विद्यालयों में पर्यावरण क्लब विकसित करेंगे वाटिका

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



- नौ से 12वीं तक सभी कक्षाओं के चार-चार विद्यार्थी क्लब में किए जाएंगे शामिल
- पौधों के संरक्षण के लिए विद्यालयों में ही सीखेंगे कंपोस्ट खाद बनाने के गुर

**अमृत विचार।** राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में अब पर्यावरण क्लब गठित होंगे। इससे छात्र-छात्राएं विद्यालय वाटिका तैयार करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनेंगे, जिससे भविष्य में न सिर्फ किचन गार्डन बल्कि पार्कों सहित सड़कों के किनारे लगाए जाने वाले पौधों को संरक्षण देते हुए उन्हें विकसित बनाने में सहायक साबित हो सकें।

हर साल पौध रोपण अभियान के तहत बड़ी संख्या में पौधे लगाए जाते हैं, लेकिन अनदेखी के चलते लगाए पौधों में शायद ही कोई पौधा अगले पौध रोपण सीजन तक अस्तित्व में रह पाता है। हालांकि बीते करीब एक दशक से शहर के फुटपाथों के किनारे पौध रोपण ही नहीं किया जा सका है, जबकि संरक्षित बताए जाने वाले स्थानों पर किया गया पौध रोपण भी बेमतलब साबित हुआ है।

शासन ने अब बच्चों को हरियाली के लिए तैयार करने पर अमल शुरू किया है, जिसके तहत माध्यमिक विद्यालयों में इसी शिक्षा सत्र से पर्यावरण क्लब गठित किए जाएंगे। शासन ने डीआईओएस के माध्यम से सभी विद्यालयों में पर्यावरण क्लब गठित कराने की योजना तय करते हुए नौ से 12वीं कक्षा तक प्रत्येक क्लास में चार-चार बच्चों को क्लब में शामिल किया जाएगा। इन बच्चों को सप्ताह में एक दिन विद्यालय वाटिका तैयार करने का शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वह पौधों के संरक्षण का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें। साथ ही पेड़-पौधों के लिए लगाव की भावना भी विकसित हो।

क्लब में शामिल छात्र-छात्राएं न सिर्फ विद्यालय वाटिका तैयार करेंगे, बल्कि पौधों को उर्वरा शक्ति प्रदान करने के लिए कंपोस्ट खाद तैयार करना भी सीखेंगे। डीआईओएस सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले दिनों चुनावी कामकाज की व्यस्तता से डाक नहीं देखी है, लेकिन पर्यावरण क्लब गठन की जानकारी है। गाइड लाइन का अध्ययन कर शीघ्र ही विद्यालयों को क्लब गठित करने की प्रक्रिया अमल में लाने को कहना जाएगा, जिससे जुलाई में पौध रोपण का विद्यालय वाटिका की स्थापना कराई जा सके। उन्होंने कहा कि यह शासन की बहुत ही सकारात्मक पहल है। इससे निश्चित तौर पर भावी पीढ़ी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक सचेष्ट हो सकेगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**अनदेखी** | टेनरियां व स्लाटर हाउस का कचरा इस्तेमाल करने वाली इकाइयों ने बढ़ाया प्रदूषण , आंखें बंद किये हैं जिम्मेदार

# प्रदूषण से बेखबर हैं प्रशासनिक व प्रदूषण बोर्ड के अफसर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर सीमा पर संचालित चर्म आधारित औद्योगिक इकाई जहां भूजल को प्रदूषित कर रही हैं। वहीं हवा में दुर्गंध के साथ धुएं के तौर पर जहर घोल रही हैं। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों सहित यहां संचालित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय मूकदर्शक बना है, जबकि आहिस्ता-आहिस्ता प्रदूषण लोगों को खोखला कर रहा है।

जिला मुख्यालय तीन तरफ से औद्योगिक इकाइयों से घिरा है, जो दही चौकी, सिंगरोसी, अकरमपुर-चकरमपुर, मगरवारा और बंथर औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित है। यहां स्थापित औद्योगिक इकाइयों में सर्वाधिक संख्या टेनरियों व चर्म उत्पाद तैयार करने वाले उद्योगों की है। पहले से संचालित टेनरियों को देखते हुए पिछले तीन दशक में एक के बाद एक आधा दर्जन से अधिक आधुनिक स्लाटर हाउस भी यहां स्थापित होते गए। हालांकि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद स्लाटर हाउस की बढ़ रही संख्या थमी है, लेकिन फूड, गारमेंट व आईटी आधारित नई इकाइयां भी नहीं स्थापित हो सकी है। यानी औद्योगिक विकास पर ब्रेक लगा है। स्लाटर व टेनरियों को भूगर्भित जल प्रदूषण की समस्या का कारक ठहराया जाता है। लोगों सवाल उठाते हैं कि निर्यात के लिए भैंस का मांस तैयार करने को धुलाई-सफाई में इस्तेमाल होने वाला लाखों लीटर पानी आखिर कहां जाता है? जनता के बीच आने वाले जवाब में दावा किया जाता है कि तकनीकि का इस्तेमाल करते हुए प्रदूषित पानी धरती की कोख में पहुंचा दिया जाता है। इसी तरह टेनरियों में चमड़ा साफ करने में उपयोग होने वाले रसायन युक्त पानी को भी भूगर्भ का रास्ता दिखा दिया जाता है। स्लाटरिंग व टेनरियों की बहुतायत से कचरा इस्तेमाल करने वाली तमाम इकाइयां फल-फूल रही हैं। मूर्गी व मछली दाना तैयार करने की आड़ में चर्बी तैयार करने की इकाइयां भी संचालित हैं। टेनरियों व स्लाटर के कचरे से उत्पाद तैयार करने वाले वातावरण मे दुर्गंध भरने का काम करते हैं। इन तमाम इकाइयों में ईधन के तौर प्लास्टिक व टायर आदि जलाए जाते हैं। साथ ही जनरेटर व ब्वायलर का धुओं वातावरण में घुलता रहता है।



लोन नदी में भरा दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाला प्रदूषित जल।




दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र में धुआं उगलती इकाइयों की चिमनियां।

### क्या बोले अधिकारी

समय-समय पर औद्योगिक क्षेत्रों में जांच कर मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती रहती है। अनाधिकृत इकाइयों को बंद भी कराया जाता है। चुनावी व्यस्तताओं से इधर स्टाफ सहित वह स्वयं नियम पालन कराने को समय नहीं दे सके हैं। अब चुनाव निपटने से जल्दी ही फिर अभियान चलाकर प्रदूषण संबंधी मानक पूरे कराते हुए अनाधिकृत कामकाज बंद कराया जाएगा।

अनिल माथुर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी

